
हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





रायपुर समेत देशभर के मंदिरों में जन्माष्टमी की धूम

## नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

रायपुर/नई दिल्ली। देशभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। रायपुर के मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों में रात तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

# 3 मंत्री ले सकते हैं शपथ, गजेंद्र, गुरु खुशवंत और राजेश का नाम लगभग तय, अमर की भी चर्चा

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्यपाल रमन डेका से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल विस्तार तय हो गया है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्यपाल से 18 अगस्त का समय मांगा है। सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही तीन मंत्री शपथ लेंगे। इन तीन मंत्रियों के लिए दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब और अंबिकापुर राजेश अग्रवाल का नाम लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल के नाम की भी चर्चा चल रही है। उल्लेखनीय ⏭ शेष पेज 6 पर

### क्षेत्रीय और जातीय समीकरण के आधार पर होगा मंत्रिमंडल का विस्तार

#### 14 मंत्रियों का फार्मूला

साय कैबिनेट में अभी मुख्यमंत्री समेत 11 मंत्री हैं। छत्तीसगढ़ की तरह हरियाणा की विधानसभा में भी 90 विधायक हैं। हरियाणा में बीजेपी सरकार में मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री हैं। लिहाजा, हरियाणा के फॉर्मूले को छत्तीसगढ़ में भी लागू करते हुए 3 और मंत्री बनाए जा सकते हैं। छत्तीसगढ़ में राज्य बनने के बाद से 13 मंत्री ही बनते आए हैं, जबकि नियम के तहत विधयकों की संख्या के 15 प्रतिशत ही मंत्री बन सकते है। नियम के तहत 90 विधायकों में 13.5 मंत्री बन सकते हैं, इसलिए मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री भी हो सकते हैं।



### 21 को विदेश दौरे पर जाएंगे साय

- जापान और दक्षिण कोरिया के 10 दिन के प्रवास पर 21 को होंगे रवाना

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 21 अगस्त से विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। जापान और दक्षिण कोरिया के दस दिन के प्रवास पर वहां के उद्योगपतियों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। तय कार्यक्रम के ( ⏭ शेष पेज 6 पर

**मुख्य सचिव भी रहेंगे साथ :** सीएम साय के साथ राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और उद्योग सचिव रजत कुमार भी रहेंगे।

आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹72863/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹88990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹97141/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
aNaND Jewels
Pandri, Raipur

वालकिंस गंगा
USFDA स्वीकृत अत्याधुनिक उपचार
RED CARPET FACIAL
परामर्श सिर्फ 199/-
डॉ. सुकृति अरोरा
एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट
शंकर नगर, रायपुर
9238709001

## स्वतंत्रता दिवस : पीएम का वादा– इस दिवाली बनाऊंगा 'दोहरी दिवाली', सीएम साय ने भी किया बड़ा ऐलान

# दिवाली तक जीएसटी की दरें हो जाएंगी कम, आम आदमी को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिवाली तक जीएसटी की दरों में कटौती कर दी जाएगी, जिससे रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली वस्तुओं की कीमतें कम हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि इससे आम आदमी को 'काफी' कर राहत मिलेगी और छोटे एवं मध्यम उद्यमों को भी लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था जीएसटी के आठ वर्ष पूरे होने के साथ ही इसमें सुधार करने का समय आ गया है। जीएसटी एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। मोदी ने कहा, इस दिवाली, मैं आपके लिए इसे दोहरी दिवाली बनाऊंगा।

लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमने राज्यों के साथ इस बारे में चर्चा की है और हम दिवाली तक अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू करेंगे, जो नागरिकों के लिए दिवाली का तोहफा होगा। उन्होंने कहा, आम आदमी के जरूरत वाली वस्तुओं पर कर में काफी कमी की जाएगी। हमारे एमएसएमई को इसका बहुत फायदा होगा। दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने इसका अधिक ⏭ शेष पेज 6 पर



#### मिशन 'सुदर्शन चक्र'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, अब देश सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा। उन्होंने ने भारत के महत्वपूर्ण सैन्य और नागरिक प्रतिष्ठानों की रक्षा करने और किसी भी दुश्मन के खतरे की स्थिति में निर्णायक प्रतिक्रिया देने के लिए स्वदेशी रक्षा कवच विकसित करने के वास्ते 10 वर्षीय परियोजना कीघोषणा की। यह कदम पाकिस्तान और चीन से दोहरी सुरक्षा चुनौतियों पर चिंताओं के बीच उठाया गया है।

#### 103 मिनट का भाषण, आत्मनिर्भर भारत पर जोर

- प्रकृति हम सबकी परीक्षा ले रही है। पिछले कुछ दिनों में, हमने कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है।
- हमारा देश कई दशकों से आतंक को झेलता आया है। अब, हमने एक 'न्यू नॉर्मल' स्थापित किया है।
- आतंक और आतंकी को पालने-पोसने वालों को, आतंकियों को ताकत देने वालों को, अब हम अलग-अलग नहीं मानेंगे।
- अब भारत ने तय कर लिया है, खून और पानी एक साथ नहीं बहेंगे। किसान हित और राष्ट्रहित में समझौता हमें मंजूर नहीं।
- विकसित भारत का आधार भी है आत्मनिर्भर भारत। जो दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहता है, उसकी आजादी पर प्रश्न चिन्ह लग जाता है।
- ऑपरेशन सिंदूर में हमने 'मेड इन इंडिया' का कमाल देखा। दुश्मन को अंदाजा भी नहीं था कि हमारे पास क्या हथियार और क्षमताएं हैं।
- भारत हम सबका है। आइए, हम सब मिलकर "वोकल फॉर लोकल" को प्रत्येक नागरिक के जीवन का मंत्र बनाएं।
- आइए, स्वदेशी पर गर्व करें। हमें इसका इस्तेमाल मजबूरी में नहीं, बल्कि अपनी ताकत के लिए करना चाहिए। स्वदेशी हमारी शक्ति होनी चाहिए।
- आज देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम बहुत जल्द इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे।

# सीएम साय ने कहा- मिलकर बनाएंगे विकसित छत्तीसगढ़, रामकाजु कीन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड पर ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और सेना के वीर जवानों को नमन करते हुए कहा, हम छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 गौरवशाली वर्षों की विकास यात्रा को 'छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव' के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने यह भी घोषणा कि रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली जल्द ही लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, इस अवसर पर हम विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प लें। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल जी के सुशासन का दृढ़ संकल्प हमें शक्ति देता है। हम निश्चित ही जन-जन की सहभागिता से विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य को साकार करेंगे। गोस्वामी तुलसीदास का कथन 'रामकाजु कीन्हें बिनु मोहि कहां बिश्राम' हमारा आदर्श ⏭ शेष पेज 6 पर

- तुलसीदास का कथन 'रामकाजु कीन्हें बिनु मोहि कहां बिश्राम' हमारा आदर्श वाक्य

### स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री ने जनता के नाम दिया संदेश



#### वोकल फॉर लोकल अभियान में अग्रणी छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को आगे बढ़ाने में छत्तीसगढ़ की अग्रणी भूमिका हो। स्वदेशी रोजगार सृजन का ही नहीं देशभक्ति का भी एक उपक्रम है। हम नई औद्योगिक नीति के जरिए प्रदेश में बनने वाले उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री के लोकल फॉर ग्लोबल विजन पर काम कर रहे हैं। अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को अपनाने से स्थानीय कारीगरों, बुनकरों, शिल्पकारों को रोजगार मिलता है। इसका सीधा परिणाम देश और प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के रूप में सामने आता है। हमारी आयात निर्भरता कम होती है। खादी को बढ़ावा देकर स्थानीय बुनकरों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं, इससे हमें टैक्सटाइल क्षेत्र में अपनी वैश्विक पहचान बनाने में मदद मिलेगी।

#### राष्ट्रहित में स्वदेशी अपनाएं

मुख्यमंत्री साय ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी को जन-आंदोलन का रूप दिया है। आत्मनिर्भर भारत 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है। स्वतंत्रता दिवस का यह प्रेरक अवसर हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रदेशवासियों से राष्ट्रहित में यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि हर नागरिक स्वदेशी वस्तु खरीदना देशभक्ति का कार्य मानें, हर व्यवसाय गुणवत्ता और स्थिरता को अनिवार्य मानें, हर नवाचारी सबसे पहले भारत के बारे में सोचे, हर किसान पर्यावरण अनुकूल समावेशी कृषि को अपनाए और हर क्षेत्र निर्भरता से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े।

#### जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान हो हमारा ध्येय वाक्य

मुख्यमंत्री ने कहा, एमएसएमई के लिए प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट का मंत्र अत्यंत कारगर है। हमारे गांव, नगर और जिले स्तर में तैयार होने वाली ⏭ शेष पेज 6 पर

### खबर संक्षेप

#### रनवे से टकराया विमान का टेल, बाल-बाल बचे यात्री

मुंबई। एयरपोर्ट पर शनिवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया।



यहां इंडिगो के एक विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया। हालांकि इसकी वजह से कोई हादसा नहीं हुआ और विमान में सवार सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

#### ट्रक से टकराई बस, 4 की मौत, 11 घायल

शिवपुरी। सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। यह हादसा जिले के सुरवाया थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर एक मिनी बस (ट्रेवलर) के डिवाइडर तोड़ कर सामने से आ रहे ट्रक से टकरा जाने से हुई। इस दुर्घटना में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 11 लोग घायल हैं।

#### मंत्री और उनके परिवार से जुड़े परिसरों पर छापे

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में शनिवार को तमिलनाडु के मंत्री एवं द्रमुक नेता आई. पेरियासामी और उनके परिवार से जुड़े परिसरों पर छापे मारे। उनके पुत्र आई.पी. सेंथिल कुमार के परिसरों की भी तलाशी ली जा रही है। आई.पी. सेंथिल कुमार विधायक हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

#### नगालैंड के राज्यपाल ला गणेशन का निधन

कोहिमा। नगालैंड के राज्यपाल



ला गणेशन का शुक्रवार को चेन्नई के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। गणेशन 2021 से 2025 के बीच मणिपुर, पश्चिम बंगाल और नगालैंड के राज्यपाल रह चुके हैं।

# रायपुर कमिश्नरी सिस्टम लागू होने पर पॉवरफुल होगी पुलिस, जिलाबदर और निषेधाज्ञा का मिलेगा अधिकार


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में पुलिस कमिश्नर की व्यवस्था लागू करने की घोषणा की है। देश के कई राज्यों में पुलिस कमिश्नरी की व्यवस्था लागू है, इसमें मूल रूप से जिला पुलिस का मुखिया एसपी-एसएसपी की जगह पुलिस कमिश्नर होता है। डीआईजी से लेकर एडीजी स्तर तक अधिकारी को सरकार इस ओहदे पर तैनात कर सकती है। ये अनुभवी अफसर होता है और राज्य सरकार उसके अधिकार अधिसूचित करती है। पुलिस कमिश्नर को मजिस्ट्रेट के भी कुछ अधिकार होते हैं। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में कमिश्नर आईजी रैंक के हैं।

#### यहां लागू है कमिश्नरी व्यवस्था

छत्तीसगढ़ सरकार मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश लागू कर सकती है। यहां कमिश्नर को सीमित मजिस्ट्रीयल पॉवर्स ही हैं। मध्य प्रदेश के इंदौर और भोपाल में कमिश्नरी की व्यवस्था है। वहां छोटे मामलों में वो मजिस्ट्रेट के ⏭ शेष पेज 6 पर

*मध्यप्रदेश की तरह बनाया जा सकता है सिस्टम, डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट के सीमित अधिकार मिलेंगे*



#### जिला मजिस्ट्रेट की भूमिका

छत्तीसगढ़ जैसे जनजाति बहुल राज्य में डिस्ट्रिक कलेक्टर डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट की भूमिका पर कोई खास असर पड़ने की संभावना बहुत कम है। क्योंकि राजस्व के काम इस कदर उलझे रहते हैं कि उसके अधिकारों में कटौती से काम काज प्रभावित नहीं होगा। इस लिहाज से एसडीएम और डीएम अपने पूरे अधिकारों के साथ रहेंगे।

#### कमिश्नरी बन जाने से क्या फर्क पड़ेगा

कमिश्नरी बन जाने से सबसे बड़ा फर्क ये पड़ता है कि जिला पुलिस का मुखिया एक अनुभवी और ऊंचे रैंक वाला अफसर बन जाता है। विभाग में बहुत सारे निर्णय पुलिस स्तर पर होने लगतेहैं। जरुरत के मुताबिक पुलिस फोर्स मिलने में दिक्कत नहीं आती।फौजदारी मामलों की सुनवाई एसडीएम लेबल के अफसरों को करने होते हैं, वो पुलिस कमिश्नर के पास आ जाते हैं। हालांकि राज्य सरकार चाहे तो इसे रोक भी सकती है, लेकिन उस स्थिति में कमिश्नरी ⏭ शेष पेज 6 पर

#### अफसरों के पदनाम बदल जाते हैं

कमिश्नर अपने अधिकार अपने मातहत अफसरों को देता है। उनके नाम भी उसी के अनुरुप हो जाते हैं। जैसे कमिश्नर के नीचे एडिश्नल कमिश्नर हो सकते हैं। ये राज्य सरकार पर निर्भर करेगा। कमिश्नर की मदद के लिए ⏭ शेष पेज 6 पर

# हाईवे पर ट्रक से टकराई कार, पुरी दर्शन के लिए जा रहे छह युवकों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंदौर से ओडिशा के लिए धार्मिक भ्रमण पर निकले युवकों की कार जिले के बागनदी क्षेत्र में पहुंची ही थी कि विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से जा टकराई। इस दुर्घटना में मौके पर ही कार में सवार छह युवकों की मौत हो गई। एक युवक घायल है, जिसे गंभीर अवस्था में उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मप्र इंदौर क्षेत्र के रहने वाले 7 युवक कार में सवार होकर नेशनल हाईवे से पुरी, ओडिशा की ओर जाने के लिए निकले थे। वे सुबह लगभग 6 बजे बागनदी थाना के चिरचारी के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार कार के चालक द्वारा ब्रेक लगाने से कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराकर दूसरे रास्ते में आ गई। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रक से कार बुरी तरह से टकरा गई, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही कार में सवार छह लोगों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल है।

#### बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरचारी के पास हुई दर्दनाक घटना



#### इनकी हुई मौत

पुलिस मौके पर पहुंचकर कार में सवार सभी को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। पुलिस के अनुसार छह लोगों की मौत हुई है। मृतकों में आकाश मौर्या 28 वर्ष इंदौर, गोविंद 33 वर्ष, देवास रतलाम, अमन राठौर 26 वर्ष इंदौर, सौरभ यादव 26 वर्ष इंदौर, संग्राम केशरी 38 वर्ष उड़ीसा, अभिषेक पाटीदार 24 धार शामिल हैं। बताया गया कि घटना में कार सवार युवक सागर यादव इंदौर निवासी गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार हेतु भर्ती किया गया है।

#### शव का पीएम कराया गया

पुलिस के अनुसार ये युवक इंदौर क्षेत्र से उज्जैन गए थे, जहां दर्शन करते पुरी, ओडिशा जाने के लिए निकले थे। इस दुर्घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दी गई है, परिजन पहुंच भी चुके हैं। मृतकों का पीएम चिकित्सालय में कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बागनदी पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

## शादी को हुए थे 40 दिन, होम थिएटर में बम भरकर भेजा

# प्रेमिका के पति सहित परिवार को उड़ाने की रची थी साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महज चालीस दिन पहले ब्याह कर ससुराल गई प्रेमिका को वापस पाने सिरफिरे आशिक ने पार्सल बम ससुराल भेजकर पूरे परिवार को उड़ाने की खौफनाक साजिश रच डाली। हालांकि तकनीकी कारणों से पार्सल बम नहीं फूटा लेकिन इस पूरी घटना ने प्रेम को कटघरे में खड़ा कर दिया है। एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि ब्लॉक के कुसमी गांव के आरोपी विनय पिता ⏭ शेष पेज 6 पर



**ऑनलाइन सीखा बम बनाना :** प्रेमिका की अन्यत्र शादी होने से बौखलाए विनय वर्मा ने ऑनलाइन प्लेटफार्म से पहले बम बनाने का तरीका पता किया। विस्फोटक सामग्री की खरीदी के लिए अपने दोस्त चीचा दुर्ग निवासी परमेश्वर पिता जीवन वर्मा से पैसा लिया। ⏭ शेष पेज 6 पर

#### दो किलो आईडी लगाया

ऑनलाईन प्लेटफार्म से बम बनाने का तरीका जाना और होम थिएटर में लगभग 2 किलो का आईडी लगाकर उसके डेटोनेटर को प्लग से जोड़ दिया ताकि जैसे ही होम थिएटर चालू करने की कोशिश की जाती करंट सप्लाई मिलते ही बम फट जाता और प्रेमिका के पति सहित ससुराल के अन्य सदस्य मौके पर ही निपट जाते, लेकिन विधि का विधान देखिए कि उसके पूलफ्रूफ प्लान के कमी रह गई कि बम फटने से पहले ही पता चल गया। पति की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले बम डिफ्यूज किया और उसके बाद कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए मामले में शामिल आधा दर्जन से ज्यादा आरोपियों को हिरासत मे लेकर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेज दिया है।


मान. बृजमोहन अग्रवाल
सांसद
मान. रामविचार नेताम
केबिनेट मंत्री
मान. श्याम जायसवाल
केबिनेट मंत्री
मान. ओ.पी. चौधरी
केबिनेट मंत्री
मान. केदार कश्यप
केबिनेट मंत्री
मान. टंकराम वर्मा
केबिनेट मंत्री
मान. दयाल दास बघेल
केबिनेट मंत्री
मान. लक्ष्मी राजवाड़े
केबिनेट मंत्री
मान. लखनलाल देवांगन
केबिनेट मंत्री
डॉ. सुश्री सरोज पांडेय जी
मान. मीनल चौबे
महापौर, रायपुर
ईनामी राशि
11,00,000
माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णुदेव साय जी
विशाल
दहीहांडी
उत्सव
दिनांक : 17 अगस्त 2025 | दिन : रविवार, समय : शाम 04:00 बजे से
स्थान : दही हांडी उत्सव स्थल, अवधपुरी मैदान, श्रीनगर रोड, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)
विशेष आकर्षण :
पुरूष दही हांडी ◆ महिला दही हांडी ◆ ग्रीसयुक्त खंबा दही हांडी
विश्वविख्यात भजन गायिका गीता बेन रबारी
इंडियन आइडल चैम्पियन पवनदीप राजन
छ.ग. की सुप्रसिद्ध लोक गायिका
पूनम-दिव्या तिवारी द्वारा रंगारंग प्रस्तुति
सभी सनातनियों एवं कृष्ण भक्तों के बीच
वृहद आयोजन संपन्न होगा।
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
संयोजक
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
आयोजक :
सार्वजनिक दही-हांडी उत्सव समिति, रायपुर
सह संयोजक - हेमेन्द्र साहू
विशेष सहयोग : हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी, रायपुर

बिलासपुर
रविवार 17 अगस्त 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 25, अंक : 144
पृष्ठ : 12 +14= 26, मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 32.4
न्यून. 24.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# एमबीबीएस-बीडीएस की 1988 सीटें अलॉट, इस बार की शुरूआत 586 अंकों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पिछले साल प्रदेश के शासकीय मेडिकल कालेज में यूआर केटेगरी का अंतिम एडमिशन नीट में 596 अंक पाने वाले अभ्यर्थी का हुआ था। इस बार एमबीबीएस में प्रवेश की शुरुआत 586 अंक अर्जित करने वाली छात्रा से होगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एमबीबीएस के साथ बीडीएस में एडमिशन के लिए 1988 सीटों की आवंटन सूची जारी की है। एडमिशन और दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया 23 अगस्त तक पूरी की जाएगी।

खास खबर

कठिन नीट और जारी परिणाम का असर प्रदेश के मेडिकल और डेंटल कालेजों में होने वाले यूजी एडमिशन पर दिखने लगा है। ऑनलाइन पंजीयन के बाद मेरिट सूची जारी कर काउंसिलिंग कमेटी ने 14 अगस्त को आवंटन सूची का प्रकाशन किया। जिसमें टॉप टेन में शामिल सभी अभ्यर्थी को रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरु स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश का मौका दिया गया है। इसमें टॉप में आने वाली छात्रा आशना गुप्ता को 586 अंक प्राप्त हुआ और यूआर केटेगरी की सीट पाने वाले टॉप टेन दसवें विद्यार्थी का प्राप्तांक 564 है। पिछली बार शासकीय मेडिकल कालेज में सामान्य वर्ग की सीट प्राप्त करने वाले विद्यार्थी का अंतिम नंबर 596 था। इस बार की शुरुआत दस नंबर की कमी के साथ हुई है और पहली आवंटन सूची में सामान्य श्रेणी वाले 535 प्राप्तांक को भी रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज की सूची अलॉट हुआ है। प्रवेश और स्क्रूटनी की प्रक्रिया सोमवार 18 अगस्त से शुरू होगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने 1988 लोगों की आवंटन सूची जारी की है जिन्हें 23 अगस्त तक एडमिशन लेना है। पंजीयन के आधार पर जारी मेरिट लिस्ट के टॉपर सहित शुरुआत के 17 लोगों को शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर की सीट अलॉट की गई है। सभी यूआर केटेगरी की है जिसमें सात छात्राएं और दस छात्र शामिल है।

## टॉप टेन के सभी विद्यार्थियों को मिली शास. मेडिकल कालेज रायपुर की सीट

### निजी मेडिकल कालेजों के लिए आयुष विवि स्क्रूटनी सेंटर

प्रदेश के चार निजी मेडिकल कालेज में स्टेट के अलावा मैनेजमेंट और एनआरआई कोटे से एडमिशन लेने वाले अभ्यर्थियों को अपने दस्तावेजों की जांच के लिए आयुष विश्वविद्यालय जाना होगा। इस बार स्क्रूटनी सेंटर आयुष विवि बनाया गया है इसके पूर्व निजी कालेजों की स्क्रूटनी की प्रक्रिया शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर और दुर्ग में पूरी होती थी। इसके अलावा निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्रों के दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया शासकीय डेंटल कालेज रायपुर में पूरी होगी।



एमबीबीएस के साथ बीडीएस की कुल 1988 सीटें आवंटित, प्रवेश 23 तक

### दूसरे राउंड में फिर होगा पंजीयन

इस बार छात्रहित का ध्यान रखते हुए काउंसिलिंग कमेटी ने हर राउंड के लिए पंजीयन की प्रक्रिया पूरी करने का सिस्टम में बनाया है।पहले राउंड में निजी मेडिकल अथवा डेंटल कालेज की सीट पाने वाले दूसरे राउंड में भाग्य आजमा सकेंगे। माना जा रहा है कि जारी की गई आवंटन सूची में शासकीय मेडिकल कालेज की 60 फीसदी सीटों पर एडमिशन होने का अनुमान है। वहीं डेंटल कालेजों में एडमिशन दूसरे राउंड के बाद ही होने की संभावना है।

---

मैनेजर समेत कई

## मण्णापुरम गोल्ड बैंक पर डकैती, लाखों की लूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम में मण्णापुरम गोल्ड बैंक में दिनदहाड़े हुई डकैती ने पूरे शहर को दहला दिया। शाम करीब साढ़े 5 से 6 बजे के बीच 4 से 5 हथियारबंद बदमाश बैंक में दाखिल हुए। बैंक स्टाफ को हथियारों की नोक पर लेकर बदमाश सीधे बैंक मैनेजर के पास पहुंचे और नकदी और सोना सौंपने की धमकी दी। बैंक मैनेजर ने बदमाशों का विरोध करने की कोशिश की, जिसके बाद डकैतों ने उनके सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया। घटना के दौरान 2 से 3 अन्य कर्मचारियों को भी बदमाशों ने घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार डकैती में कितनी राशि और कितना सोना लूटा गया है, इसका अभी सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सका है।



### प्लानिंग के साथ घुसे थे बदमाश

जांच अधिकारियों ने बताया कि बदमाश पूरी तरह से संगठित और योजनाबद्ध तरीके से बैंक में दाखिल हुए थे। हथियारों से लैस इन बदमाशों ने पूरे स्टाफ को कुछ ही मिनटों में काबू में कर लिया। बिना किसी डर के वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। इस घटना ने गुरुग्राम पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पाक में बारिश-बाढ़ से 300 से अधिक की मौत

**नई दिल्ली।** पिछले दो दिनों से उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में भारी बारिश और बाढ़ ने भयानक तबाही मचा दी है। अब तक 300 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। कई लोग अभी भी लापता हैं। यह इस साल के मानसून की सबसे घातक घटना बन गई है। पिछले दो दिनों में हुई तेज बारिश और बाढ़ ने खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र में तबाही मचाई। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 307 लोगों की मौत की पुष्टि की है।



### लापता लोगों की तलाश तीसरे दिन भी जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के सुदूर गांव चशोती में बादल फटने की घटना के दो दिन बाद, लापता लोगों के चिंतित रिश्तेदारों की उम्मीदें अब धुंधली होती जा रही हैं। तीसरे दिन भी बचाव कार्य जारी रहने के बीच, शोकाकुल रिश्तेदारों ने कहा कि उनकी उम्मीदें कम होती जा रही हैं।



---

पुतिन से मुलाकात के दिन ट्रंप ने भारत-पाक विवाद सुलझाने का फिर किया दावा

# ट्रंप-पुतिन मिले पर रूस-यूक्रेन युद्ध विराम पर नहीं बन पाई कोई सहमति

एजेंसी ▶▶ ज्वाइंट बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन (अलास्का)

*अलास्का के एंकोरेज में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आमने-सामने मुलाकात करीब तीन घंटे चली, लेकिन न रूस-यूक्रेन युद्धविराम पर सहमति बन पाई और न कोई ठोस समझौता हो सका। इस बैठक के राजनीतिक और कूटनीतिक संकेत भारत के लिए भी अहम हैं, क्योंकि बातचीत से पहले ट्रंप ने भारत के रूस से तेल आयात को निशाना बनाते हुए बयान दिया था। ट्रंप ने कहा कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर फिलहाल कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा।*

अलास्का में दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन को लेकर 'सहमति' बनी है। इसके साथ ही उन्होंने यूरोप को चेतावनी दी कि वह प्रगति में कोई बाधा नहीं डाले। पुतिन के दावे के बाद ट्रंप ने कहा जब तक कोई समझौता नहीं हो जाता तब तक कुछ भी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। ट्रंप ने कहा कि वह पुतिन और उनके बीच हुई बातचीत की जानकारी देने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की तथा यूरोपीय नेताओं को बुलाएंगे। ट्रंप अनेक बार यूक्रेन को अमेरिका का समर्थन मिलने पर ऐतराज जता चुके हैं और पुतिन की प्रशंसा कर चुके हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में वापसी के पहले ही दिन पूरे विश्वास के साथ कहा था कि वह दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त कराएंगे। हालांकि कार्यकाल के सात माह बीतने के बाद भी वह पुतिन को लड़ाई रोकने के लिए राजी नहीं कर पाए हैं।

**ट्रंप बोले- यूक्रेन को रूस से समझौता करना चाहिए**

## अलास्का में मुलाकात, करीब तीन घंटे चली बैठक

### पुतिन ने की ट्रंप की प्रशंसा

पुतिन ने ट्रंप की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें यह स्पष्ट हैं कि उन्हें क्या हासिल करना है और वे अपने देश की समृद्धि के बारे में चिंता करते हैं, साथ ही वह यह भी समझते हैं कि रूस के अपने राष्ट्रीय हित हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि आज की सहमति न केवल यूक्रेन की समस्या के समाधान के लिए एक संदर्भ बिंदु बनेंगी, बल्कि रूस और अमेरिका के बीच व्यापारिक, व्यावहारिक संबंधों की बहाली की शुरुआत भी करेगी।




### ट्रंप ने पुतिन का जताया आभार

लगभग ढाई घंटे तक हुई बैठक में किसी ठोस निर्णय तक न पहुंचने के बावजूद ट्रंप ने पुतिन का आभार व्यक्त किया और कहा, हम आपसे बहुत जल्द बात करेंगे और संभवतः आपसे फिर बहुत जल्द मिलेंगे। जब पुतिन ने मुस्कुराते हुए कहा, 'अगली बार मॉस्को में' तो ट्रंप ने कहा, यह दिलचस्प बात है।

### अब ट्रंप से कल मिलेंगे जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि वह सोमवार को वाशिंगटन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि अलास्का में पुतिन और ट्रंप के बीच मुलाकात के बाद शनिवार को उन्होंने ट्रंप के साथ 'लंबी और सार्थक' बातचीत की।

### यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी मिले - यूरोपियन यूनियन

अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मुलाकात के बाद यूरोपियन यूनियन के देशों का बड़ा बयान सामने आया है। यूरोपियन यूनियन के नेताओं ने यूक्रेन का समर्थन जारी रखने का ऐलान किया है। यह मांग की गई है कि यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी मिले। बयान में कहा गया कि यूरोपीय देश अपनी भूमिका निभाने का तैयार है। इसके साथ ही कहा गया है कि यूरोपियन यूनियन जबरदस्ती यूक्रेन की सीमा में बदलाव मंजूर नहीं करेगा।

## इधर, ट्रंप बोले

### रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर द्वितीयक टैरिफ नहीं

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि हो सकता है कि अमेरिका रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखने वाले देशों पर द्वितीयक शुल्क नहीं लगाए। ऐसी आशंकाएं थीं कि यदि अमेरिका ने द्वितीयक शुल्क लागू किया तो उससे भारत प्रभावित हो सकता था। ट्रंप ने कहा, खैर, उन्होंने (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने) एक तेल ग्राहक खो दिया, जो भारत है, जो लगभग 40 प्रतिशत तेल का आयात कर रहा था। चीन, जैसा कि आप जानते हैं, बहुत अधिक (आयात) कर रहा है और अगर मैंने 'द्वितीयक प्रतिबंध' या 'द्वितीयक शुल्क' लगाया तो यह उनके लिए बहुत विनाशकारी होगा। अगर मुझे यह करना पड़ा, तो मैं करूंगा। शायद मुझे यह करना न पड़े। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने यह बयान पुतिन के साथ एक महत्वपूर्ण शिखर बैठक के लिए अलास्का जाते समय 'एयर फ़ोर्स वन' (विशेष विमान) में 'फॉक्स न्यूज' को दिया। यह बैठक रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए बिना किसी भी सहमति के समाप्त हो गई।

---

प्रबंधन ने दिए जांच के निर्देश

## बीएसपी में फटा ब्लास्ट फर्नेस का डस्ट क्रिएटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट में शुक्रवार की रात करीब 9 बजे ब्लास्ट फर्नेस-8 के डस्ट क्रिएटर फटने से धमन भट्टी में आग लग गई। धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी। लोगों की मानें तो आवास डेढ़ किलोमीटर दूर सेक्टर-2 तक में सुनी गई। आग की लपटें कई किलोमीटर दूर से दिखाई दीं। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। खबर है कि 4 से 5 फायर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बीएसपी में पिछले कुछ सालों में लगातार हादसे

जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ सालों में बीएसपी में लगातार हादसे हो रहे हैं। इसकी मुख्य वजह नियमित मेंटेनेंस का अभाव और उपकरणों का पुराना होना बताया जा रहा है। 2014 और 2018 में गैस पाइप लाइन लीक और ब्लास्ट की घटनाओं में कई कर्मचारियों की मौत हो चुकी है। कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 8 घंटे से ज्याद समय तक ठप रहा प्रोडक्शन

जानकारी के मुताबिक घटना के बाद 8 घंटे से ज्यादा समय तक प्रोडक्शन ठप रहा। विशेषज्ञों की मानें तो प्रोडक्शन को बहाल करने की कवायद की जा रही है। जल्द ही मेंटेनेंस नहीं होने से फर्नेस का हॉट मेटल जम जाएगा, इससे भारी नुकसान हो सकता है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उत्पादन को चालू करने में टीम जुटी हुई है। ब्लास्ट फर्नेस 8 महामाया में वर्तमान में करीब 9 हजार टन तक प्रतिदिन प्रोडक्शन हो रहा है। आग की वजह से केबल आदि भी जल गए हैं। हर शिफ्ट में हॉट मेटल प्रोडक्शन रुकने की वजह से काफी तनाव का माहौल बना हुआ है।

---

राजहरा थाने में थे पदस्थ

## बैरक में एएसआई ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्ली राजहरा

शनिवार सुबह दल्ली राजहरा थाने में पदस्थ एएसआई हीरामन मांडवी ने पुलिस बैरक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस स्टाफ ने जब उन्हें फंदे पर लटका पाया, तो तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि एएसआई मांडवी लंबे समय से मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जिसके चलते पुलिस सभी बिंदुओं पर गहन जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और बैरक का फोरेंसिक निरीक्षण भी किया जा रहा है।



### जांच में जुटे अफसर

इस गंभीर मामले को लेकर सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा, थाना प्रभारी रवि शंकर पांडे एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी लगातार जांच में जुटे हुए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि मामले की सूक्ष्म जांच की जा रही है।

### विधायक ने उठाए सवाल

**डौंडीलोहारा।** सहायक उप निरीक्षक हीरामन मंडावी द्वारा की गई आत्महत्या की घटना ने प्रदेश में खलबली मचा दी है। विधायक अनिला भेड़िया ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इसे एक व्यक्ति की निजी त्रासदी नहीं, बल्कि सिस्टम के सड़ने और सत्ता की बेरुखी का जीता-जागता सबूत बताया। उन्होंने मृतक एएसआई के शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति प्रकट की और इस घटना को गृह विभाग की सीधी विफलता करार दिया। विधायक ने कहा कि जब जनता की सुरक्षा का दायित्व निभाने वाला एक वर्दीधारी जवान ▶▶ शेष पेज 6 पर





BILASPUR: PARSADA, TRANSPORT NAGAR: M SQUARE MOTORS: 7000857522 | INDUSTRIAL AREA, SIRGITTI: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9425280148 | KORBA: SHED NO 10, RAJGAMAR ROAD, INDUSTRIAL AREA: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9516014225 | RAIGARH: NH49, ODISHA ROAD, BANJIPALI, RAIGARH: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9109194894 | AMBIKAPUR: MAHAMAYA AUTO CARS: 7583887512, 6261683314.

16- AUG- K&C- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 8/17/2025 12:31 AM Page 1



**स्वाधीनता दिवस पर पिछले 11 भाषणों से प्रधानमंत्री का इस बार का 12वां संबोधन कई मायनों में अलग था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका व पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया, तो आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए समग्र सुधार की रूपरेखा प्रस्तुत की। पीएम ने कहा कि भारत किसान, पशुपालक और छोटे कारोबारियों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। यह अमेरिका से जारी व्यापार वार्ता के संदर्भ में भारत का दो टूक संदेश था। ऐसे ही पाकिस्तान को संदेश दिया कि आतंकवाद और संधि साथ नहीं चल सकते। भारत खुद परमाणुशक्ति है, इसलिए पाक परमाणु शक्ति की गीदड़भभकी न दे, आतंकवाद जारी रहने तक भारत सिंधु समझौते को निलंबित ही रखेगा। अभी जिस प्रकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर अनुचित टैरिफ का बम फोड़ रहे हैं और पाकिस्तान से जुगलबंदी कर रहे हैं, जिसके दम पर पाक जनरल अमेरिकी धरती से भारत को परमाणु धमकी दे रहे हैं व अमेरिका चुप है, इस परिस्थिति में लालकिले से स्पष्ट संदेश देना जरूरी था। हालांकि भारतीय राष्ट्रवाद के आईने में संदेश को और प्रखर बनाया जा सकता था। देश के अंदर जीएसटी सुधार का वादा, नए आर्थिक सुधार का संकल्प और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी हथियारों पर जोर, रोजगार सृजन की घोषणा आदि भी भाषण के अहम अंश रहे। आजकल के ताजा अंक में पेश है विश्लेषण...**

# आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का आत्मविश्वास



विश्लेषण
अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

**इतिहास में किसी प्रधानमंत्री द्वारा पहला ऐसा उद्बोधन था जिसमें भारत को विश्व का एक महान आदर्श और समृद्धि राष्ट्र बनाने की दृष्टि से समय सीमा के अंदर योजनाओं, टास्क फोर्स, मिशनों की घोषणा थी तो हर क्षेत्र, उम्र, श्रेणी, पेशे, विधा, कार्य करने वालों का आह्वान भी था। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं अपने इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों सबसे कहता हूं कि संकल्प लीजिए, आप जो करना चाहते हैं करिए, हमें बताइए कि आपके लिए क्या करना है, मैं बिल्कुल आपके लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की जो वैश्विक परिवर्तनों के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समय सीमा के अंदर काम पूरा करेगा।**

परिश्रम में जो तप है उसने ही तो इतिहास रचा है, जिसने फौलादी चट्टानों को तोड़ा है उसने ही समय को मोड़ा है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से स्वतंत्रता दिवस का अपना उद्बोधन समाप्त करते हुए ये पंक्तियां बोली। इसके बाद उन्होंने कहा कि समय को मोड़ देने का भी यही समय है, सही समय है। स्पष्ट है कि वे देशवासियों, विश्व में फैले भारतवंशियों को एक समग्र शक्तिशाली आत्मनिर्भर विकसित देश के रूप में भारत को बदलने के लिए उत्प्रेरित करना चाहते हैं। हालांकि ज्यादा चर्चा घुसपैठ को समाप्त कर बदलती डेमोग्राफी को रोकने के लिए उच्च शक्ति प्राप्त डेमोग्राफी मिशन की घोषणा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर दी गई शुभकामना की हुई। यह सच्चाई है कि कठिनाई से प्राप्त हमारी स्वतंत्रता को सीधे धक्का पहुंचाने वाले योजनापूर्वक हो रहे घुसपैठ को समाप्त करना अपरिहार्य है।

पहली बार एक राष्ट्र स्तरीय शक्तिशाली इकाई यह भूमिका निभायेगी। संघ के शताब्दी वर्ष की चर्चा उन्होंने की क्योंकि 100 वर्षों तक बिना प्रचार व स्वार्थ के लाखों स्वयंसेवकों, कार्यकर्ताओं को केवल देश के लिए जीने-मरने के लिए तैयार करना, उसी अनुरूप संगठन तथा अप्रतिम अनुशासन के साथ काम करते रहना विश्व इतिहास में अनूठा है। उन्होंने आरंभ में कहा भी कि हम विकसित भारत के लिए अपने आपको खपा देंगे, नये अवसरों का निर्माण करेंगे और निर्मित करने के बाद भी 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से आगे बढ़ते ही रहेंगे, बढ़ते ही रहेंगे, बढ़ते ही रहेंगे। इसके साथ उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं सहित अन्य विविधताओं को ताकत बताते हुए विरासतों को भी संरक्षित करने की सरकार के पूर्व कदमों तथा भविष्य की तैयारी का भी विवरण दिया।

## नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स

इतिहास में किसी प्रधानमंत्री द्वारा पहला ऐसा उद्बोधन था जिसमें भारत को विश्व का एक महान आदर्श और समृद्धि राष्ट्र बनाने की दृष्टि से समय सीमा के अंदर योजनाओं, टास्क फोर्स, मिशनों की घोषणा थी तो हर क्षेत्र, उम्र, श्रेणी, पेशे, विधा, कार्य करने वालों का आह्वान भी था।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं अपने इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों सबसे कहता हूं कि संकल्प लीजिए, आप जो करना चाहते हैं करिए, हमें बताइए कि आपके लिए क्या करना है, हम बिल्कुल आपके लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की जो वैश्विक परिवर्तनों के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समय सीमा के अंदर काम पूरा करेगा। उन्होंने सुधारों को परिभाषित करते हुए कहा कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है तथा सही सुधार हो गए तो नियमों और अर्हताओं के पालन की व्यवस्थाएं कम हो जाएंगी



और विकास को ताकत मिलती है। यानी कुल मिलाकर उन्होंने भारत और विश्व समुदाय को सीधा संदेश दिया कि पूर्व की योजनाओं से भारत सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक, रक्षा - सुरक्षा जैसे हर क्षेत्र में मुकाम पर पहुंचा है, वैसे ही भविष्य में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों, अवरोधों और संभावनाओं का आकलन तथा उसके अनुरूप व्यवहारिक कार्ययोजनाएं हैं।

## अब तक के भाषणों में निरंतरता रही

प्रधानमंत्री बनने के बाद 2014 के अपने पहले स्वतंत्रता दिवस भाषण से लेकर इस वर्ष के 12वें भाषणों तक निरंतरता रही है। स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के संघर्ष और उसके उपरांत भारत के निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों को याद कर आम भारतीय को राष्ट्र की दृष्टि से सोचने व काम करने को प्रेरित करना, सामूहिक सामर्थ्य के प्रति विश्वास जागृत करना तथा भविष्य की योजनाओं की ओर आकर्षित कर संपूर्ण देश को राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से खड़ा करना रहा है।

इस बार लगभग 1 घंटे 40 मिनट के अब तक के सबसे लंबे उद्बोधन में जितना व्यापक स्तर पर देश को विश्व का समृद्धतम, शक्तिशाली, शिक्षित, सुसंस्कृत तथा वैश्विक कल्याण की दृष्टि से भूमिका निभाने वाले राष्ट्र के रूप में समय सीमा में खड़ा कर देने की जैसी कार्ययोजनाएं थी, वैसा पहले नहीं देखा गया। मुझे एक व्यक्ति नहीं मिला जिसने कहा हो कि लंबे भाषण के कारण मैं उब गया था। प्रधानमंत्री का हाव-भाव, बोलने का तरीका, विषय-वस्तु ऐसे थे कि आगे क्या बोलेंगे, इसकी प्रतीक्षा रहती थी।

भले भाजपा, संघ, प्रधानमंत्री मोदी आदि से विरोध और घृणा के कारण कोई कुछ कहे, अंदर यही भाव होगा कि इतनी गहराई से सोचने, योजना बनाने, उस पर काम करने की व्यावहारिक दृष्टि रखने वाला प्रधानमंत्री लाल किले पर खड़ा था। 3 करोड़ लक्ष्य में 2 करोड़ लखपति दीदी तैयार होने, महिलाओं में उद्यमिता बढ़ाने के कारण ड्रोन दीदी की संख्या बढ़ाने, मुद्रा योजना के कारण समाज के वंचित, गरीब, युवक-युवतियों, महिलाओं की सफलताओं की कहानी बताने का उद्देश्य क्या हो सकता है, यह समझा जा सकता है।

## विकसित भारत रोजगार योजना

युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की आरंभिक राशि के साथ विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा व्यापार शुल्क बढ़ाए जाने के विरुद्ध बने वातावरण में अनेक विश्लेषक कल्पना करने लगे थे कि प्रधानमंत्री उस पर कुछ बोलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेशन, उनके चरित्र को समझने वाले जानते थे कि वह ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने बढ़ते आर्थिक स्वार्थ वाली दुनिया बताते हुए कहा कि किसी की लकीर को छोटा करने की बजाय अपनी लकीर बड़ी करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अपने किसानों और पशुपालकों के हित के रास्ते आने वाली कठिनाइयों के सामने मैं दीवार बनकर खड़ा हूं। यानी कृषि और डेयरी का क्षेत्र विदेशी व्यापार के लिए नहीं खोला जाएगा। उन्होंने आत्मनिर्भरता और सामर्थ्य को एक-दूसरे से जोड़ा और बताया कि सामर्थ्य आत्मनिर्भरता से पैदा होती है और आत्मनिर्भरता हम सामर्थ्य से प्राप्त कर सकते हैं। तकनीक से लेकर ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, क्रिटिकल खनिज सभी क्षेत्र के लिए आत्मनिर्भरता की रूपरेखा और योजनाएं दीं। उन्होंने आह्वान किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हमारा अपना हो, फार्मास्यूटिकल्स यानी दवा के क्षेत्र में हम ऐसे नवाचार करें कि दवाइयां विश्व के कल्याण में काम आये तथा हम रक्षा में जेट इंजन भी अपना बनाएं।

## 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर की जानकारी

यह जानकारी भी रोमांचित करने वाली थी कि सेमीकंडक्टर में देश मिशन मोड में काम कर रहा है और शीघ्र ही मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर बाजार में आ जाएगा। अक्षय ऊर्जा की दृष्टि से सौर ऊर्जा में 30 गुना बड़े संयंत्रों के निर्माण, मिशन ग्रीन हाइड्रोजन में भारी निवेश, 10 नए न्यूक्लियर रिएक्टर पर तीव्रता से काम होने के साथ 2047 तक इसकी क्षमता 10 गुणा बढ़ाने की योजना रखी तो सुधार का बड़ा कदम उठाते हुए न्यूक्लियर ऊर्जा के लिए निजी क्षेत्र के निवेश का रास्ता खोला। समुद्र में गैस व तेल भंडार खोजने की दृष्टि से नेशनल डीप वॉटर एक्सप्लोरेशन मिशन की घोषणा हुई तो नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन भी शुरू हुआ।

अंतरिक्ष क्षेत्र में अपने बलबूते आत्मनिर्भरता और विश्व कल्याण की तैयारी की घोषणा करते हुए कहा कि आज सुधारों के कारण 300 से ज्यादा स्टार्टअप हैं और हजारों नौजवान काम में लगे हैं। इनकी बदौलत हम अपना स्टेशन बनाने की तैयारी कर रहे हैं तो स्वदेशी गगनयान लांच होने वाला है। वास्तव में जीवन के हर क्षेत्र में आधुनिक इकोसिस्टम तैयार करने की ओर अग्रसर देश ने योजनाओं पर काम किया तो हम आत्मनिर्भर बनकर ही रहेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से सबसे महत्वाकांक्षी घोषणा शिक्षालयों, अस्पतालों, आस्था केंद्रों जैसे नागरिक ठिकानों को संपूर्ण सुरक्षा कवच प्रदान करने वाले सुदर्शन चक्र है। विश्व के प्रमुख देशों को भी इस घोषणा की कल्पना नहीं रही होगी। युद्ध के नियम के विपरीत हम देख रहे हैं कि अब इस तरह के ठिकाने पर हमले आम हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हमारे आस्था केंद्रों और ऐसे स्थानों पर हमले की कोशिश हुई लेकिन हमारे सुरक्षा कवच ने उनको ध्वस्त कर दिया।

## संपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा कवच बनाने का ऐलान

आने वाले समय में कैसे युद्ध हो सकते हैं किस तरह के आक्रमण होंगे, इन सबका आकलन करते हुए 10 वर्षों यानी 2035 तक संपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा कवच निर्मित कर देने का ऐलान अभूतपूर्व था। इसके लिए, सुदर्शन चक्र मिशन लॉन्च हो गया। यह ऐसी शक्तिशाली हथियार प्रणाली होगी जो दुश्मन के हमले को न केवल न्यूट्रलाइज करेगा बल्कि कई गुना ज्यादा ताकत से दुश्मन को हिटबैक करेगा। इसके लिए मूलभूत सारी व्यवस्थाएं यानी 10 सालों के अंदर एक आधुनिक प्रणाली, जिसमें अनुसंधान विकास और निर्माण शामिल होंगे, खड़ी होंगी।

## विश्व पर निर्भर नहीं रहेगा भारत

भारत दुनिया का ऐसा करने वाला अकेला देश होगा क्योंकि अमेरिका ने गोल्डन डोम की घोषणा की जो पूरी नहीं हुई, इजरायल ने अवश्य आयरन डोम बनाया है लेकिन इस बार युद्ध में कई जगह वह भी असफल होते हुए दिखा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आत्मनिर्भरता ने ही हमें पाकिस्तान के जवाबी हमले से बचाया, अन्यथा जिस 100 किलोमीटर तक सीमा में घुसकर आतंकवादी अड्डों और उनसे जुड़े 100 से ज्यादा लोगों को खत्म किए उसके बाद पाकिस्तान बड़ी प्रतिशोधात्मक करवाई करने की तैयारी कर चुका था। तो कुल मिलाकर देश के अंदर और बाहर संदेश गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत किसी देश के दबाव के विरुद्ध लड़ने की जगह स्वयं को हर दृष्टि से इतना सक्षम, सामर्थ्यवान और संवेदनशील भी बनाएगा कि उसकी किसी चीज के लिए विश्व पर निर्भरता नहीं रहेगी। 2047 तक विकसित भारत होते हुए भी यह एक संकीर्ण स्वार्थों वाला राष्ट्र नहीं होगा बल्कि मानवीयता से परिपूर्ण विश्व समुदाय के कल्याण की दृष्टि से सदा सक्रिय रहेगा।

# प्रगतिशील भारत की बुलंद तस्वीर



विवेचना
राज कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार एवं
राजनीतिक विश्लेषक

लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर भी दो कीर्तिमान बना दिए। 12वीं बार ऐतिहासिक लाल किले से देश को संबोधित कर उन्होंने इंदिरा गांधी के 11 बार के कीर्तिमान को भंग कर दिया। बेशक सबसे ज्यादा लगातार 17 बार लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करने का कीर्तिमान अभी भी जवाहर लाल नेहरू के नाम है। मोदी ने इस बार अपना भी एक कीर्तिमान तोड़ा। पिछले साल उन्होंने लाल किले से 98 मिनट का भाषण दिया था, लेकिन इस बार वह 103 मिनट बोले। बेशक राजनीतिक गलियारों में ज्यादा शोर मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल के सफर की प्रशंसा पर ही मचेगा, पर ऑपरेशन सिंदूर और ट्रंप टैरिफ के साये में दिये अपने भाषण में उन्होंने राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय तक तमाम मुद्दों को छुआ। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि आज भी आत्मनिर्भरता ही किसी भी देश के आत्मसम्मान का पैमाना है। दरअसल मोदी के इस कथन को आजाद भारत के सफर के साथ ही आंतरिक एवं बाह्य चुनौतियों के संदर्भ में भी समझने की कोशिश करनी चाहिए। नहीं भूलना चाहिए कि कभी सोने की चिड़िया माना गया भारत 1947 में मिली आजादी के समय किस हाल में था। भारत को सपेरों और बैलगाड़ियों का देश बताते हुए अंग्रेजों ने उसके स्वतंत्रता पश्चात भविष्य पर ही संदेह जताया था, पर 78 साल बाद उसकी बुलंद तस्वीर दुनिया भर के लिए एक प्रेरक मिसाल है।

## जीवट से बदली तस्वीर

जाहिर है, दर्जनों रियासतों में बिखरे और सैकड़ों साल गुलामी की जंजीरों में जकड़े रहे भारत के लिए 1947 में आजादी के बाद का सफर आसान नहीं रहा। इसलिए आज का भारत, भारतीयों के जीवट का प्रमाण भी है। विभाजन की विभीषिका के साथ मिली आजादी में विकास संबंधी तमाम चुनौतियां निहित थीं। भारत से मिली आर्थिक मदद से आकार लेने वाले पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ से अपने नापाक मंसूबों का संकेत भी तभी दे दिया था। 1962 में चीन और फिर 1965 में पाकिस्तान से युद्ध ने नव स्वतंत्र भारत की चुनौतियां और बढ़ा दीं, लेकिन देश ने एक के बाद एक आपदाओं में ही अवसर तलाशने का जीवट दिखाया। एक समय था, जब प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को देशवासियों से सप्ताह में एक दिन उपवास की अपील करनी पड़ी, ताकि सरहद पर लड़ रहे सैनिकों को दोनों वक्त भोजन मिल सके। अमेरिका अपने नागरिकों के न खाने योग्य गेहूं ही भारत भेजता था, लेकिन हरित क्रांति ने हमें खाद्यान्न का निर्यातक बना दिया। हां, उस संकल्प को अपनी कड़ी मेहनत से साकार करने वाले अन्नदाता किसानों की दशा न सुधर पाना असहज सवाल खड़े करता है। नीति-नियंताओं को समझना होगा कि किसानों के बदहाल रहते संपूर्ण भारत की खुशहाली का सपना अधूरा ही रहेगा।

## अंतरिक्ष विज्ञान में ऊंची छलांग

आजादी के समय भारत की तस्वीर गरीब, अशिक्षित और बदहाल देश की थी। फिर भी मजबूत अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति के साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान में भी ऊंची छलांग उसी भारत



की बुलंद तस्वीर पेश कर रही है। 1991 में हमारी अर्थव्यवस्था गहरे संकट में थी, सोना तक गिरवी रखना पड़ा था, लेकिन अब हम विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था बनने के बाद वर्षांत तक चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर हैं। 1971 में अमेरिका द्वारा पाकिस्तान की मदद के लिए अपना जंगी जहाज भेजने की धमकी के बावजूद भारत ने न सिर्फ पृथक बांग्लादेश बनवाया, बल्कि 1974 में परमाणु परीक्षण कर अपने पराक्रम का परिचय भी दे दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य देशों के अलावा परमाणु क्षमता का परिचय देने वाला भारत पहला देश बना। भारत आज दुनिया के कई देशों को रक्षा उपकरण निर्यात भी करता है। अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट 19 अप्रैल, 1975 को अंतरिक्ष में भेजने वाला भारत आज कई दूसरे देशों के उपग्रह भी लांच करता है। कड़वा सच यह भी है कि रूस को अपवाद मान लें तो हमें रिश्तों में अकसर विश्वासघात ही मिला है। हमने हिंदी-चीनी, भाई-भाई का नारा दिया, पर बदले में हमें चीनी आक्रमण मिला। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर बस से लाहौर गये, पर पाकिस्तानी सेना ने कारगिल में घुसपैठ कर दी। 1991 के बाद अमेरिका से बेहतर संबंधों की कवायद में रूस से बढ़ती दूरियों की कूटनीतिक समझदारी का सही आकलन तो आने वाला समय ही करेगा, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा राष्ट्रपतिकाल भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय ही नहीं, आंतरिक चुनौतियां भी बढ़ाता दिख रहा है। 1991 के आसपास आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक बाजार की वकालत करते हुए डब्ल्यूटीओ आदि संस्थाओं के जरिये तमाम देशों पर अर्थव्यवस्था के खिड़की-दरवाजे खोलने के लिए दबाव बनाने वाला अमेरिका ही अब घरेलू उद्योगों के संरक्षण के नाम पर उस पूरी प्रक्रिया को उलटने पर आमादा है। बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब उसी चीन की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाता दिख रहा है जिसने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की हर तरह से खुलकर मदद की थी। 1962 के युद्ध से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक चीन का चरित्र विश्वासघाती ही रहा है। विदेश नीति की सीमाएं उजागर करने वाली यह स्थिति कठिन परीक्षा की घड़ी भी है। बेशक रास्ता लंबा है, पर स्थायी हल दूरदर्शी नीतियों और आत्मनिर्भरता में ही है। प्रधानमंत्री ने भी स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में उसी ओर इशारा किया है।

## मनभेद व चुनौतियां चिंताजनक

महज 78 साल की आजादी में भारत सरीखा विशाल आबादी वाला देश कमोवेश हर क्षेत्र में उपलब्धियों के इतने मुकाम हासिल कर पाया है तो उसका सबसे बड़ा शक्तिस्रोत हमारा सशक्त और जीवंत लोकतंत्र है। बढ़ती सामाजिक-आर्थिक विषमता हमसे कुछ अहसज सवाल पूछती है। हम विश्व की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। फिर 80 करोड़ से भी अधिक लोगों को हर महीने पांच किलो मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? जनसंख्या नियंत्रण की चिंता छोड़ हम आबादी को संसाधन बताने लगे हैं तो बेरोजगारी सुरसा के मुंह की तरह क्यों बढ़ रही है? बेलगाम भ्रष्टाचार और महंगाई के मुद्दों पर हम अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों की आड़ लेते क्यों नजर आते हैं? शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे संवदेनशील क्षेत्र भी मुनाफाखोर निजी क्षेत्र के हवाले क्यों हैं? देश को तमाम बीमारियों का केंद्र बनाने वाला लालच का मिलावटी कारोबार क्यों जारी है? 'वसुधैव कुटुंबकम' की सोच वाले देश में ही कुछ राज्यों में भाषा-संस्कृति के नाम पर विरोध की संकीर्ण राजनीति क्यों पनप रही है? 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए भी इस विभाजनकारी तथा देश हित पर दलीय हितों को प्राथमिकता देने वाली राजनीति से मुक्ति अनिवार्य शर्त है। बेशक मतभेद और असहमति लोकतंत्र के अनिवार्य तत्व हैं, लेकिन मनभेद और टकराव हमेशा उसे कमजोर ही करते हैं।

# समावेशी विकास से हासिल होगा लक्ष्य



संबोधन
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर 'आत्मनिर्भर भारत' को विकसित भारत के लिए आधार स्तंभ बताया। उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्रों में भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला। ऑपरेशन सिंदूर और स्वदेशी जेट इंजन विकास पर जोर देते हुए उन्होंने आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय शक्ति का आधार बताया। अपने संबोधन में उन्होंने 'विकसित भारत' के संकल्प से लेकर सीमा सुरक्षा, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और देश के युवाओं के भविष्य तक, हर महत्वपूर्ण विषय पर सरकार का विजन और भविष्य का रोडमैप देश के सामने रखा। पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए निर्णायक हैं। हमें एक पल भी नहीं गंवाना है और एक लक्ष्य लेकर चलना है- विकसित भारत। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति का जिक्र करते हुए इसे देश की बढ़ती ताकत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत को एक 'ब्राइट स्पॉट' के रूप में देख रही है।

बहरहाल, अगर हम आजादी के बाद से भारतीय आर्थिक विकास के कालक्रम पर नजर डालें, तो यह एक बिखरी हुई अर्थव्यवस्था से शुरू होता है, क्योंकि भारत को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन द्वारा एक बेहद कमजोर अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी। लेकिन करीब आठ दशक का सफर तय करते हुए भारत ने आज वैश्विक स्तर पर एक महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। हमने जापान जैसे तकनीकी प्रधान और विकसित देश को भी सकल घरेलू उत्पाद के मामले में पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का गौरव हासिल किया है।

## विकासशील नीतियां, समग्र प्रयास

हमारी यह पहचान और मजबूती आजादी से लेकर अब तक की सरकारों के विकासशील नीतियों और समग्र प्रयासों से ही बन पाई हैं। इन प्रयासों ने घरेलू मांग में वृद्धि, औद्योगिक और सेवा क्षेत्र में विस्तार, मजबूत आर्थिक संरचनाओं और सतत आर्थिक सुधारों को सुनिश्चित किया। साल 1947 से भारत की आर्थिक यात्रा पर गौर करें तो एक कमजोर, बिखरी, कृषि-प्रधान, ऋणग्रस्त अर्थव्यवस्था से दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे प्रभावशाली बाजारों में से एक बनने तक का सफर तय किया है।

## खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर

साल 1947 से 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि, सेवा और औद्योगिक क्षेत्रों की यात्रा बड़े परिवर्तन की गवाह रही है। स्वतंत्रता के समय 1950 में जीडीपी में कृषि का हिस्सा लगभग 51 फीसदी था, जो 2025 में घटकर 16-17 फीसदी पर आ गया। यह गिरावट कृषि उत्पादन में कमी के कारण नहीं, बल्कि सेवा और उद्योग के तेजी से बढ़ने के कारण हुई है। हरित क्रांति (1960-70) ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता दिलाई, लेकिन रोजगार और आय में वृद्धि सीमित रही। औद्योगिक क्षेत्र का योगदान 1950 के 13 फीसदी



से बढ़कर 2025 में लगभग 25-26 फीसदी हो गया। इसमें विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, स्टील और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों ने अहम भूमिका निभाई। सेवा क्षेत्र ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की 1950 में 30 फीसदी हिस्सेदारी से बढ़कर 2025 में 55-57 फीसदी तक, विशेषकर आईटी, वित्त, दूरसंचार, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं के चलते। साल 1991 के आर्थिक उदारीकरण, विदेशी निवेश और डिजिटल क्रांति ने सेवा और उद्योग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आज भारत कृषि उत्पादन में विश्व के शीर्ष देशों में है। औद्योगिक उत्पादन विविध और वैश्विक स्तर का हो चुका है और सेवा क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनकर देश की आर्थिक रीढ़ का काम कर रहा है। उदारीकरण के दौर के बाद भारत तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है। आर्थिक, सैन्य एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में इसने सफलता की बड़ी छलांग लगाई है। चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। सैन्य क्षेत्र में भारत एक महाशक्ति बनकर उभरा है। परमाणु हथियारों से संपन्न भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है। मिसाइल तकनीकी में दुनिया भारत का लोहा मान रही है। अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने नए-नए कीर्तमान गढ़े हैं। आईटी सेक्टर में देश अग्रणी बना हुआ है। इन उपलब्धियों ने देश को सुपरपावर बनने के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर दिया है। फिर भी पांच ट्रिलियन इकोनॉमी वाले देश से भारत अब भी बहुत पीछे हैं। जबकि 2018 में भारत सरकार ने संकल्प लिया था कि 2025 तक वह पांच ट्रिलियन इकोनॉमी वाला देश बन जाएगा। हालांकि बीच में दो साल की महामारी ने भी बाधा डाली, लेकिन फिर भी पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनने का लंबे समय से इंतजार कर रहे लोग यह देखकर निराश हैं कि समय सीमा पूरी हो जाने के बाद भी यह लक्ष्य दूर है।

बहरहाल, एक महत्वाकांक्षी आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत अब एक दोराहे पर खड़ा है, जहां एक तरफ सवाल है कि क्या भारत को ऐसे आर्थिक मॉडल का अनुशरण करना चाहिए जो आर्थिक विकास का लाभ सभी वर्गों, क्षेत्रों और समुदायों तक पहुंचाने पर बल देता हो, जिसमें रोजगार सृजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा और सामाजिक न्याय शामिल हैं। या दूसरी तरफ क्षेत्र विशेष आधारित विभाजित भविष्य का जोखिम उठाए जो भारत को एक विश्व पटल पर विशेषज्ञता की पहचान तो दिलाएगा साथ ही आय में असमानता, सामाजिक असंतोष और क्षेत्रीय असंतुलन भी पैदा कर सकता है। इससे आर्थिक और सामाजिक स्थिरता पर नकारात्मक असर पड़ेगा और भारत की वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की क्षमता कमजोर होगी। अगर हमें वाकई वैश्विक परिदृश्य में महाशक्ति के रूप में स्वयं को स्थापित करना है तो हमे आर्थिक प्रगति के संतुलित और समावेशित ढांचे को अपनाना और निष्पादित करना होगा ताकि इससे हमारी अर्थव्यवस्था आतंरिक और बाह्य रूप से मजबूत हो सके। भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का जो सपना देखा है उसका साकार होना इसी संतुलित सतत और समावेशी विकास क्रम पर निर्भर करेगा। यह ठीक है कि करीब आठ दशक की इस विकास यात्रा में कई नए कीर्तिमान बने हैं। आज भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में है। यह अनायास नहीं है।

## परिपक्व देश के रूप में पहचान

दुनिया आज भारत की तरफ देख रही है। बीते 79 सालों में अपनी अंदरूनी समस्याओं, चुनौतियों के बीच देश ने ऐसा कुछ जरूर हासिल किया है, जिसकी तरफ दुनिया आकर्षित हो रही है। जाहिर है कि आज भारत के पास दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत ने परिपक्व देश के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यह भारत की जीत है।

## तरकश

संजय के दीक्षित

### नए मंत्रीः लिफाफे में किसका नाम?

अब जबकि यह साफ हो चुका है कि दो-एक दिन में विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा, नए मंत्रियों के नामों पर सरगर्मियां बढ़ गईं हैं। शपथ लेने वाले मंत्रियों में गजेंद्र यादव का नाम सबसे उपर बताया जा रहा है मगर उनके बाद दो मंत्रियों का नाम क्लियर नहीं है। सत्ता के गलियारों में पांच नाम अवश्य तैर रहे हैं। मगर वो भी 'इफ' और 'बट' के साथ। इन पांच में अमर अग्रवाल, संपत अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, लता उसेंडी और खुशवंत साहेब हैं। चर्चाएं ये भी हैं कि दो नाम यहां से दिल्ली भेजे गए, उनमें खुशवंत साहेब और संपत अग्रवाल शामिल थे। जातीय समीकरण के हिसाब से खुशवंत साहेब का नाम महत्वपूर्ण है तो पार्टी के कोष प्रबंधन की दृष्टि से संपत अग्रवाल का। अलबत्ता, खुशवंत पर अगर मुहर लग गई तो फिर संपत अग्रवाल का दावा कमजोर हो जाएगा। बहरहाल, इन दोनों के अलावे शपथ लेने वाले संभावितों में अमर अग्रवाल, लता उसेंडी और राजेश अग्रवाल का नाम भी प्रमुख है। राजेश अग्रवाल को मंत्री बनाने में एक पेंच ये आएगा कि सरगुजा संभाग से चार मंत्री हो जाएंगे। रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े इस समय सरगुजा से मंत्री हैं। राजनीतिक दृष्टि से अगर इसे समझने की कोशिश करें तो खुशवंत साहेब अगर मंत्री बनते हैं तो फिर लता उसेंडी और संपत अग्रवाल की दावेदारी कमजोर पड़ेगी। फिर सरगुजा से चार मंत्री का इश्यू है ही। ऐसे में, अमर अग्रवाल का पलड़ा भारी होगा। वैसे भी एक बड़ा वर्ग मानता है कि नाम चाहे कोई भी हो...मंत्रिमंडल में एक अनुभवी मंत्री होना चाहिए। मगर होगा वहीं, जो पार्टी और मुख्यमंत्री चाहेंगे। इसके लिए लिफाफा खुलने की प्रतीक्षा करनी होगी।

### देर आए, दुरूस्त आए

छत्तीसगढ़ में भी अब पुलिस कमिश्नर सिस्टम प्रारंभ हो जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाषण देते हुए इसका ऐलान किया। जाहिर है, देश में बिहार और छत्तीसगढ़ जैसे गिने-चुने राज्य बचे हैं, जहां पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू नहीं हुआ है। पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश और ओड़िसा तक में इसकी शुरूआत हो चुकी है। यूपी, पश्चिम बंगाल में पहले से लागू है और साउथ के स्टेट में तो 20 साल से ज्यादा हो गया। अब बात करें छत्तीसगढ़ की, तो यहां पुलिस जिस तरह डिरेल्ड हुई है, उसमें कमिश्नर सिस्टम बहुत पहले लागू हो जाना चाहिए था। हालांकि, रमन सरकार के आखिरी टाईम में भी इसकी बात चली थी। पिछली कांग्रेस सरकार में भी सुगबुगाहट हुई थी, मगर कुछ हुआ नहीं। चलिये देर आए, दुरूस्त आए। छत्तीसगढ़ भी अब कमिश्नर सिस्टम वाले राज्य में शामिल हो गया है। बीजेपी सरकार ने पुलिस में रिफार्म की शुरूआत कर दी है। मगर यह भी सही है कि सिर्फ पुलिस कमिश्नर बिठाने से नहीं होगा। रायपुर में जिस तरह क्राईम बढ़ा है, उससे कोई भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा। इसके लिए पुलिस कमिश्नर को फ्री हैंड देना होगा। रायपुर में इस समय सबसे बड़ी जरूरत लॉ एंड आर्डर को ठीक करने का है। और यह कड़वा सत्य है कि जब तक राजनीतिक हस्तक्षेप रहेगा, ये हो नहीं पाएगा। पिछली सरकार में पेड और रिचार्ज पोस्टिंगों ने पुलिस का कबाड़ा किया और इस सरकार में पेड के साथ भाई साहब वाली पोस्टिंगें पोलिसिंग को खराब कर कर रही है। कई जिलों में ऐसा हो रहा कि सिफारिशी अफसर एसपी आईजी की सुनना पसंद नहीं कर रहे। पुलिस के इस रिफार्म को सफल बनाने के लिए सिस्टम को कठोर फैसला लेना होगा।

### खतरे का अलार्म

राजधानी रायपुर में कानून-व्यवस्था को लेकर खतरे का अलार्म तब बज गया था, जब 2022 में एक लड़की ने नशे में एक युवक को चाकुओं से गोदकर मार डाला था। उसके तुरंत बाद हुए कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस में तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल ने इस घटना का जिक्र करते हुए पोलिसिंग पर सवाल उठाया था। कांफ्रेंस के बाद पुलिस कमिश्नर प्रणाली शुरू करने पर सरकार गंभीर भी दिखी थी...फर्स्ट कमिश्नर कौन होगा, इस पर मंथन भी प्रारंभ हो गया था। मगर परदे के पीछे पता नहीं क्या हुआ कि सरकार ने उसे ड्रॉप कर दिया। बहरहाल, रायपुर में जिस तरह की घटनाएं बढ़ी है, उससे हर छोटा-बड़ा हर आदमी असुरक्षित महसूस कर रहा है। रायपुर में तीन युवाओं की अकारण बेरहमी से की गई हत्या और आरोपियों द्वारा विक्ट्री साइन दिखाने के बाद तो बड़े लोग भी सहम गए हैं। एक आईएएस अफसर ने कहा, हमारे पास गन मैन भी नहीं। न गाड़ी में बत्ती। राह चलते किसी की बाइक कार से टकरा जाए और नशे में चाकू चला दे, कोई भरोसा नहीं। सही है...2022 में लड़की की चाकूबाजी के बाद ही सिस्टम की आखें अगर खुल गई होती तो राजधानी की पोलिसिंग आज शीर्षासन नहीं कर रही होती।

### कौन होगा फर्स्ट कमिश्नर?

दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों में डीजी लेवल के आईपीएस अधिकारी पुलिस कमिश्नर होते हैं। रायपुर में किस स्तर के अफसर को कमिश्नर बनाया जाएगा, सरकार के तरफ से अभी कोई संकेत नहीं है। मगर यह तय है कि यहां आईजी या एडीजी लेवल का ही कोई कमिश्नर होगा। एडीजी में प्रदीप गुप्ता, विवेकानंद, अमित कुमार और दीपांशु काबरा में से कोई नाम हो सकता है। वैसे सबसे बेस्ट स्थिति यह होगी कि इन एडीजी, आईजी में से किसी को कमिश्नर बना उनके नीचे एक तेज-तर्रार आईपीएस अधिकारी को एडिशनल कमिश्नर बिठा दिया जाए। रायपुर के एक पड़ोसी जिले में एक कप्तान से आजकल अपराधी से लेकर पुलिस महकमा त्रस्त महसूस कर रहा है। अपराधियों से गलबहियां करने वाली उस जिले की पुलिस को एसपी की अतिसक्रियता रास नहीं आ रही। रायपुर को इस वक्त इसी तरह के अधिकारियों की दरकार है। कमिश्नर के लिए अमरेश बढ़यिां च्वाइस हो सकते थे मगर ईओडब्लू और एसीबी में उनके पास ऐसे दायित्व हैं कि सरकार वहां से छोड़ना नहीं चाहेगी। जाहिर है, पुलिस कमिश्नर का सलेक्शन सरकार के लिए कठिन टास्क होगा।

### रिफार्म पर करप्शन भारी!

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का 35 साल का राजनीतिक जीवन साफ-सुथरा रहा है, मुख्यमंत्री के तौर पर डेढ़ साल का उनके टेन्योर पर भी कोई उंगलियां नहीं उठी है। मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों की छबि भी ऑनेस्ट और निर्विवाद है। फिर सवाल उठता है कि आखिर क्या वजह है कि सूबे में करप्शन कम नहीं हो पा रहा बल्कि लेवल और बढ़ता जा रहा। सप्लाई, खरीदी, ठेका का कमीशन 35 परसेंट तक पहुंच गया है। मंत्री खुलेआम अपना 20 परसेंट मांग रहे। वो भी एडवांस। अगर एडवांस पेमेंट नहीं हुआ तो टेंडर या सप्लाई की फाइल आगे नहीं बढ़ेगी। विभागों को अगर रायपुर से परचेजिंग का आदेश जारी कराना है तो पहले कमीशन एडवांस में पे करना होगा। छत्तीसगढ़ के अधिकांश विभागों की यही स्थिति है। इसके बाद विधायकों का अपना परसेंटेज। उस इलाके में सत्ताधारी पार्टी का कोई बड़ा नेता है, तो उसे भी चाहिए। ऐसे में, क्वालिटी की उम्मीद कैसे की जा सकती है। फिर तो 32 हजार में जग खरीदने का टेंडर भरना ही होगा। यह सही है कि करप्शन कभी कम नहीं हो सकता। लेकिन, वह शिष्टाचार तक सीमित रहे तो ठीक है...लूटमारी में बदल जाए तो मामला गड़बड़ समझा जाएगा। सिस्टम के रणनीतिकारों को यह ध्यान रखना होगा कि 72 विधायकों वाली कांग्रेस पार्टी पांच साल में ही क्यों सत्ता से बाहर हो गई? ऐसा नहीं है कि विष्णुदेव सरकार काम नहीं कर रही। रिफार्म पर कई दूरगामी परिणाम वाले बड़े काम हुए हैं। राजस्व, पंजीयन के बाद पुलिस कमिश्नर सिस्टम भी शुरू होने जा रहा है। नगरीय प्रशासन में भी कई फैसले हुए हैं। मगर हाई रेट के करप्शन के चलते सरकार के रिफार्म के काम कमजोर पड़ जा रहे हैं।

### प्रभारी डीजीपी का साइड इफेक्ट

छत्तीसगढ़ में यह पहली दफा हुआ कि राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के आईपीएस अवार्ड के लिए यूपीएससी की डीपीसी में डीजीपी अरुणदेव गौतम शामिल नहीं हो पाए। जबकि, डीपीसी में संबंधित राज्य के चीफ सिकरेट्री, एसीएस होम और डीजीपी मेंबर होते हैं। इससे पहले सभी डीपीसी में डीजीपी दिल्ली जाते रहे हैं। दरअसल, यूपीएससी का नियम है कि प्रभारी डीजीपी को वह डीपीसी का मेंबर नहीं बनाता। सीधे तौर पर कहें तो यूपीएससी प्रभारी अफसर को मान्यता नहीं देता। हालांकि, अशोक जुनेजा भी 11 महीने तक प्रभारी डीजीपी रहे। मगर उस दौरान कोई डीपीसी नहीं हुई। इसलिए चल गया। मगर इस बार डीपीसी में सिर्फ चीफ सिकरेट्री अमिताभ जैन और एसीएस होम मनोज पिंगुआ शिरकत कर पाए।

### मंत्री का भतीजा

एक मिनिस्टर के भतीजे ने टुच्चई करते हुए पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से मारपीट कर दी। उपर से धौंस भी जमाया...जानते नहीं, चचा हमारे मंत्री हैं। मगर पुलिस प्रेशर में नहीं आई। महिला कप्तान ने दबंगई दिखाते हुए न केवल गैर जमानती धाराओं में केस दर्ज कराया बल्कि गिरफ्तार कर जेल भी भिजवा दिया। पुलिस की छबि ऐसी कार्रवाइयों से दुरूस्त होगी। और अपराधियों का हौसला पस्त भी।

### सीएम का फर्स्ट विदेश प्रवास

सीएम विष्णुदेव साय 21 अगस्त को प्रथम विदेश प्रवास पर रवाना हो रहे हैं। वे जापान में ओसाका वर्ल्ड एक्सपो में हिस्सा लेंगे। इसमें उन्हें आमंत्रित किया गया है। उनके साथ उनके प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, उद्योग सचिव रजत कुमार, सीएसआईडीसी एमडी विश्वेष कुमार रहेंगे। कुल मिलाकर टीम काफी छोटी होगी। इंडस्ट्रीज फ्रेंडली नई उद्योग नीति लांच करने के बाद इस एक्सपो से छत्तीसगढ़ में इंवेस्टमेंट की काफी उम्मीदें रहेंगी।

### छुट्टी के दिन एक्शन में PHQ

15 अगस्त की थकाऊ कार्यक्रम और आज जन्माष्टमी की छुट्टी के बाद आज पुलिस मुख्यालय के एक कॉल से आईजी साहब लोग घबरा गए। एक लाइन का मैसेज था, 12 बजे पूरी तैयारी के साथ वीसी में कनेक्ट होइये। डीजीपी अरुणदेव गौतम के साथ वीसी में खुफिया चीफ अमित कुमार भी मौजूद थे। डीजीपी ने सभी आईजी की क्लास ली। विषय था बढ़ती चाकूबाजी। मीटिंग के तुरंत बाद आईजी ने सभी एसपी को निर्देश जारी कर दिए। आज रात से ही चौक-चौराहों पर पुलिस तैनात होनी शुरू हो गई है। कल से वाहनों की चेकिंग और बढ़ जाएगी। मगर इसके साथ जरूरी यह भी झुग्गी-झोपड़ी बहुल इलाकों में जाकर सघन चेकिंग करना, पता करना कि कौन-कौन नशा कर रहा है। यह काम कोई कठिन नहीं। बस्तियों में लोगों को पता रहता है कि कौन क्या कर रहा है...थानों की पुलिस भी इससे भिज्ञ होती है। मगर जब थानेदारों के संरक्षण में ही नशे का धंधा फल-फूल रहा तो फिर चौराहों पर चेंकिंग से क्या होगा। पुलिस महकमे में आखिर किसको नहीं पता कि स्पा की आड़ में क्या हो रहा और पान दुकानों में क्या बिक रहा है।

### अंत में दो सवाल आपसे

1. एक महिला डीएसपी ने पत्र के जरिये गृह विभाग की ट्रांसफर पॉलिसी को खूला चैलेंज कर दिया है, इसे किस अर्थ में लेना चाहिए?
2. छत्तीसगढ़ के पांचों आईजी जब निर्विवाद और साफ-सुथरी छबि के हैं, फिर भी पोलिसिंग क्यों नहीं हो पा रही?

सेकेंड क्लास वेटिंग हॉल के पास लगाई गई है मशीन, अन्य स्टेशनों पर भी होगा विस्तार

# रेलवे स्टेशन में लगी सैनिटरी मशीन, 5 रुपए में मिलेगी सुविधा



हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

रेलवे स्टेशन अब महिला यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनने जा रहे हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने रायपुर रेलवे स्टेशन पर महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाई है। इसकी खासियत यह है कि मात्र 5 रुपये का सिक्का डालते ही पैड तुरंत बाहर निकल आएगा। यह मशीन सेकेंड क्लास वेटिंग हॉल के पास लगाई गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा महिला यात्री इसे आसानी से उपयोग कर सकें। संगठन का कहना है कि रायपुर से शुरुआत की गई है और जल्द ही इस पहल को अन्य बड़े स्टेशनों पर भी विस्तारित किया जाएगा। यात्रा के दौरान अचानक जरूरत पड़ने पर महिलाओं को अक्सर असुविधा का सामना करना पड़ता है। प्लेटफॉर्म पर दवा दुकानों या मेडिकल स्टोर तक पहुंचना हमेशा आसान नहीं होता। ऐसे में यह मशीन महिला यात्रियों के लिए तुरंत समाधान साबित होगी। रेलवे प्रशासन का मानना है कि इस कदम से न सिर्फ महिलाओं की सुविधा और सम्मान बढ़ेगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित और निश्चिंत यात्रा करने का आत्मविश्वास भी मिलेगा।

### प्रमुख स्टेशनों पर भी मिलेगी सुविधा

संगठन ने बताया कि रायपुर स्टेशन पर मिली सफलता के बाद इस योजना को धीरे-धीरे अन्य प्रमुख स्टेशनों तक ले जाया जाएगा। स्टेशन पर मौजूद महिला यात्रियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान कई बार समस्या हो जाती है और मदद लेना मुश्किल होता है। अब सिर्फ 5 रुपये में सुविधा मिल जाएगी, यह हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन लंबे समय से यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए कल्याणकारी कार्य करता आ रहा है। यह नई पहल महिलाओं के स्वास्थ्य और मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर एक बड़ा संदेश देती है। समाज में जहां अब भी पीरियड्स को लेकर झिझक और संकोच है, वहीं रेलवे स्टेशन जैसी सार्वजनिक जगह पर मशीन लगाना खुलेपन और जागरूकता की दिशा में सराहनीय कदम माना जा रहा है।

# पुलिस, ट्रैफिक की टीम ने सवा सौ बाइकर्स को स्टंट करते पकड़ा

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

स्वतंत्रता दिवस मनाने की आड़ में नवा रायपुर की चमचमाती सड़कों पर कार, बाइक से स्टंट करने वाले 128 लोगों की पुलिस ने गाड़ियां जब्त की हैं। जिन लोगों की गाड़ियां जब्त की हैं, उनमें छह कार चालकों की कार शामिल हैं। पुलिस ने सभी वाहन चालकों के खिलाफ शुक्रवार को कार्रवाई की है। इस दौरान कई बाइक चालक स्टंट करते और पुलिस को चकमा देने की कोशिश में बाइक से गिरकर घायल हुए हैं। उन घायलों को ट्रैफिक पुलिस ने उपचार कराने अस्पताल दाखिल कराया।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के दिन रील बनाने के चक्कर में बाइकर्स जान जोखिम में डालकर नवा रायपुर के साथ शहर के अंदर बाइक से स्टंट कर रहे थे। ऐसे लोगों को दबोचने पुलिस ने शहर के साथ नवा रायपुर के कई क्षेत्रों में स्टंटबाजों को दबोचने बैरिकेडिंग की थी। कार्रवाई से बचने कई बाइकर्स ने अपनी बाइक से नंबर प्लेट निकाल दी थी या फिर नंबर प्लेट को ढंक दी थी।

### स्टंटबाजों ने पुलिस को दी थी चुनौती

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व स्टंटबाजों ने 15 अगस्त को नवा रायपुर में बाइक राइडिंग करने तथा मौत का खेल खेलने जैसे स्लोगन लिख बाइक स्टंट करने सोशल मीडिया में वीडियो अपलोड किए थे। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने नौ युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मोटर व्हिकल एक्ट के साथ प्रतिबंधात्मक धारा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की थी। बावजूद इसके स्टंटबाज पुलिस को चुनौती देते हुए नवा रायपुर के साथ शहर के अंदर अपने साथ दूसरों की जान खतरे में डाल बाइक स्टंट करते दिखे।



# ना करें किसी से तुलना
# आप स्वयं हैं अनमोल

कई लोग हमेशा दूसरों से अपनी तुलना करते रहते हैं और खुद को कमतर आंकते हैं। ऐसे लोग न जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर पाते हैं और न ही खुश-संतुष्ट रहते हैं। अगर आप भी ऐसा सोचते हैं तो आपको अपना नजरिया बदलना होगा। ऐसा कैसे कर सकते हैं, जानिए।



कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

कई लोग यह सोचकर हमेशा परेशान और दुखी रहते हैं कि वे दुनिया से पिछड़ गए। ऐसा अकसर वही लोग करते हैं, जिन्हें यह आभास नहीं कि हम ईश्वर की अनमोल कृति हैं। प्रकृति ने हमें अतुलनीय गुण दिए हैं। दुनिया का कोई भी सजीव दूसरे सजीव से हूबहू मेल नहीं खा सकता।

### तुलना है निरर्थक

इस बात को समझ लेना जरूरी है कि आप इस ब्रह्मांड में अपने जैसे अकेले ही हैं। इसलिए दूसरों से तुलना करना या उनके जैसा बनने की कोशिश करना व्यर्थ की मशक्कत है। इसमें अपना समय, श्रम, धन और ऊर्जा का अपव्यय करने की बजाय स्वयं को निरंतर निखारने के जतन करें। आम का स्वाद या आकार केले जैसा हो या अमरूद का स्वाद संतरे जैसा हो तो क्या आप इसे कभी सच्चे मन से स्वीकार कर पाएंगे? आप करेले को उसकी कड़वाहट के साथ उसके गुणों के कारण ही तो स्वीकार करते है।

### एक तरह का भ्रम है परफेक्शन

परफेक्शन यानी संपूर्णता एक ऐसी भावना है, जो हमें निरंतर परेशान करती है। लेकिन इसे कभी प्राप्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि जिस पल आप स्वयं को किसी भी मायने में पूर्ण करते हैं, वह अगले ही पल बदली हुई परिस्थितियों और समय के कारण अपूर्ण या पुरातन हो जाता है। संसार में बुराई, दुख और अपूर्णता अपरिहार्य हैं। दुख ऐसी भावना है, जो हर व्यक्ति के जीवन में किसी न किसी रूप में अनुभव होती ही है। अपूर्णता जीवन की मूलभूत सच्चाई है, जो हमें सिखाती है कि कुछ भी पूर्ण नहीं होता। बुराई और कमियां इस संसार में अंतर्निहित हैं। लेकिन धार्मिकता, पवित्रता और सरलता जैसे गुणों को विकसित करके उच्च अवस्था प्राप्त की जा सकती है। इस प्रक्रिया में अच्छे गुणों को प्राप्त और विकसित करके हम स्वयं को सुखी बना सकते हैं।


### जीवन के अंग अच्छा-बुरा

हमारे व्यक्तित्व और जीवन में अच्छाई के साथ-साथ बुराई भी मौजूद होती है। किंतु हमें उन बुराइयों को पहचान कर उन पर विजय प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। जीवन को संवारने के लिए हमें मूर्तिकार की तरह काम करना पड़ता है, जो अपनी मूर्ति बनाने के लिए पत्थर को काटता है, अनुपयोगी या अतिरिक्त पत्थर को छांटकर, छीलकर, रगड़ कर, घिसकर उसे एक सुंदर आकार देता है। हम चाहे जितनी किताबें पढ़ लें और चाहे जितने ज्ञानी हो जाएं, लेकिन यह ज्ञान अगर हमारे जीवन में नहीं उतरता है, उसे प्रभावित, निर्देशित या निर्धारित नहीं करता है तो यह सब बेकार है।

### भावनाओं पर नियंत्रण जरूरी

कई बार आप अचानक इधर-उधर की बातें सोचकर, किसी की सफलता, समृद्धि या सुख को देखकर विचलित या दुखी हो जाते होंगे। स्वयं को कोसते हुए एक अनजान अपराधबोध से घिर जाते होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के लिए अपनी भावनाओं पर बारीकी से नजर रखिए। आपकी विवेकशीलता ही इस भावनात्मक प्रभाव को रोक सकती है। यह क्षमता आपको स्वयं हासिल करनी होती है। जब आप दुखी करने वाली भावनाओं को पहचानना सीख लेते हैं तो खुश होने के असर बढ़ने लगते हैं। आप तनाव और गुस्से में हों तो सोचिए कि इसकी मूल वजह क्या है? इसके पीछे कौन-सी चीज, व्यक्ति या स्थिति है? फिर यह विचार कीजिए कि वह क्या चीज है, जो आपको दूसरों से अलग बनाती है? यह ताकत आपको अनावश्यक गुस्से से बचाएगी और कोई वाजिब कारण है तो उसे दूर करने का मौका देगी।





### करते रहें आत्मविश्लेषण

**इस बात** से ज्यादा फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि लोग आपके कितने खिलाफ हैं या कितने लोग आपके समर्थन में हैं? आपको अपने आपको दृढ़ रखते हुए सही दिशा में कार्य करना होगा। आपको स्वयं से पूछना होगा कि मैं क्या हासिल करना चाहता हूं और उसके लिए क्या कर रहा हूं? जो कर रहा हूं, उसमें क्या त्रुटियां हैं, जिन्हें दूर करना है? बस फिर आपको सभी बाहरी चिंताओं से छुटकारा मिल जाएगा।

### अतीत जैसा है आज का दौर


तुलना चाहे जैसी भी क्यों ना हो, व्यर्थ और निरर्थक ही होती है। चाहे वह व्यक्ति के संबंध में हो या समय और परिस्थिति के संबंध में हो। कुछ लोगों को अकसर यही सोचकर दुखी और परेशान होते देखा जा सकता है कि पुराना जमाना बहुत अच्छा था। उनका मानना रहता है कि उस समय के लोग और परिस्थितियां अच्छी थीं, तब चीजें सस्ती होती थीं, लोग मिलनसार और सहयोगी थे, लूटपाट, चोरी और डकैती नहीं होती थी। यह एक गलतफहमी है कि दुनिया कभी बहुत अच्छी थी। जिस समय के लिए आप यह सब सोचते हैं, उस समय के लोग भी यही सब सोचते थे कि उनसे पहले की दुनिया अच्छी होती थी। आप किसी भी युग का इतिहास या साहित्य पढ़ लीजिए, उस समय के अत्याचारी राजा महाराजा, बादशाह, सेठ साहूकारों के लूट और शोषण के किस्से, गरीबी का आलम और महंगाई की दास्तान पढ़ने को मिल जाएगी। लुटेरे, धोखेबाज, अपराधी, लालची मित्र, कंजूस मालिक और ईर्ष्यालु रिश्तेदार या पड़ोसी हर जमाने में रहे हैं। भगवान राम का जमाना हो या श्री कृष्ण का, हरिश्चंद्र का जमाना हो या मुगल बादशाह अकबर या फिर ब्रिटिश काल, हर युग में खलनायक हुए हैं। हमारा मन ही कुछ ऐसा है, जो हमेशा बीते हुए कल में या दूसरों में परफेक्शन और सुख ढूंढता है। दुनिया में हर समय मुट्ठी भर लोग ही बहुत अच्छे और मुट्ठी भर लोग ही बहुत बुरे हुए हैं। बाकी के लोग तो हमारी और आपकी तरह सामान्य इंसान रहे हैं। इन दुश्चिंताओं, उलझनों और बेचैनी से बचने का सिर्फ एक ही रास्ता है, तुलना न करके अपने मन-जीवन का ध्यान खुद रखना।

### सबसे जरूरी रखें धीरज

बचपन से माता-पिता और गुरु हमेशा एक ही बात सिखाते रहे हैं, धैर्य रखना और मन को शांत रखना। याद करिए, बचपन में आप परीक्षा देने जाते थे तो मां या पिताजी यही कहते थे, पेपर ठीक से पढ़ना। कठिन लगे तो घबराना मत। बार-बार प्रश्न पढ़ना। प्रश्न समझ में आए तो उत्तर लिखना। यही मुश्किल परिस्थितियों से निपटने का अचूक फार्मूला है। आपको अपना मन शांत करने के लिए खुद पर निर्भर रहना है ना कि दूसरों पर।

### परिवर्तन को स्वीकार करें

आपको अपने जीवन की जिम्मेदारी खुद ही लेनी होगी। जीवन सहज परिवर्तनों की एक श्रंखला है। इन परिवर्तनों को सहज भाव से स्वीकार करें। इनका विरोध करने या इनसे पलायन करने पर सिर्फ दुख ही महसूस होता है। वास्तविकता को स्वाभाविक समझकर अपने जीवन की रणनीति तैयार करें। परिवर्तनों के लिए किसी भी व्यक्ति या किस्मत को दोष न दें। इसके लिए आपको हर रोज कुछ पल अपने साथ बिताने होंगे। एकांत में चिंतन करना होगा। *



# नेचर है पावरफुल मेंटल हीलर

यह सच है कि आज की आधुनिक जीवनशैली में लोग तकनीक के जाल में उलझकर, नेचर से दूर होते जा रहे हैं। इसी वजह से लोग मेंटल प्रॉब्लम्स की गिरफ्त में आ रहे हैं। इनसे मुक्ति पाने के लिए हमें नेचर के करीब जाना होगा।

लाइफस्टाइल
बुशरा फातमा

आस-पास फैली हरियाली, नदी, समंदर, झरने न सिर्फ देखने में सुंदर लगते हैं बल्कि ये हमारे मन को हील करने में भी मददगार साबित होते हैं। आज दुनिया जिस सोशल मीडिया के जाल में फंसती जा रही है, उस वजह से हर दूसरा इंसान अकेलेपन से जूझ रहा है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि एक तरफ टेक्नोलॉजी हमें चांद तक पहुंचा रही है, दूसरी तरफ हमारे पास एक अदद कोई अपना नहीं, जिससे हम अपने मन की बात कह सकें। आभासी दुनिया में भले ही ढेरों फ्रेंड्स हों लेकिन वास्तव में कोई ऐसा दोस्त नहीं मिलता, जिसे हम अपना कह सकें। देश-दुनिया में डिप्रेशन के मामले और इसकी वजह से आत्महत्याएं इतनी ज्यादा बढ़ती जा रही हैं कि हेल्थ एक्सपर्ट्स डिप्रेशन को एक महामारी मानने लगे हैं।



### नेचर की ओर करें रुख

हेल्थ और फिटनेस कंसल्टेशन के लिए डब्लूआईबीए अवार्ड विनर प्रमिला ओल्सन मुंबई की सेटल्ड लाइफ छोड़कर नीलगिरि की पहाड़ियों में आशियाना बनाकर रहने लगीं। दरअसल, शोर-शराबा, दौड़-भाग और तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता से एक तरह का मानसिक दबाव महसूस होने लगता है, जिसकी वजह से प्रमिला को लगा कि अगर जिंदगी को बेहतर बनाना है तो प्रकृति के करीब रहना बहुत जरूरी है। लेकिन अब हर इंसान इतना बड़ा निर्णय तो नहीं ले सकता कि वो एक सेटल्ड लाइफस्टाइल को बदल ले, इसलिए अगर आपके आस-पास एक पार्क भी है तो दिन का थोड़ा वक्त वहां जरूर बिताइए। प्रामिला बताती हैं कि आजकल के डिजिटलाइजेशन के युग में लोग बहुत अकेले हो गए हैं और उन्हें कोई एक चीज बचा सकती है तो वो है प्रकृति।

### मेंटल हेल्थ के लिए जरूरी

आज के दौर में लोगों पर बढ़ता वर्कलोड और बढ़ता तनाव, इस बात का इशारा कर रहा है कि अगर जीवन को बेहतर बनाना है तो प्रकृति के करीब जाना बहुत जरूरी है। खासतौर पर वर्कप्लेस का स्ट्रेस युवाओं को डिप्रेशन की तरफ ले जा रहा है। यही वजह है कि आजकल बहुत से लोग अच्छी-खासी जॉब छोड़ कर किसी पहाड़ी या समंदर के किनारे वाली जगह शिफ्ट हो रहे हैं। वास्तव में नेचर में एक हीलिंग पावर होती है। इसलिए बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए नेचर से कनेक्टेड रहना बहुत जरूरी है। नेचर हमें फ्रेश, एनर्जेटिक और मेंटली हेल्दी बनाती है।

### मिलता है सुकून-शांति


जीवन की भाग-दौड़ में अगर कोई चीज हम से छिन गई है तो वो है हमारा सुकून। प्रकृति के पास जाकर थोड़ा समय बिताने से हमें खुद को जानने-समझने का मौका मिलता है। वरना मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के युग में हम खुद के अस्तित्व को भूलते जा रहे हैं। प्रकृति हमारा मन शांत करती है और हम जीवन को नए नजरिए से देख पाते हैं।

### गार्डनिंग से मिलती है तनाव से मुक्ति

अगर आपके पास समय का अभाव है तो नेचर के करीब जाने की शुरुआत अपने घर के गार्डन से कीजिए। नए-नए फूलों वाले पौधे लगाइए। किचेन के लिए कुछ हर्ब्स उगाइए। ये छोटी-छोटी आदतें हमें तनाव से बचाने में मदद करती है। भले ही ये शौकिया हों लेकिन इतनी देर आप प्रकृति से जुड़े रहेंगे, जो बिना किसी दवा और डॉक्टर के आपके स्ट्रेस को कम कर देगा।

### नेचर के करीब करें वर्कआउट

जिम जाकर ट्रेडमिल पर भागने से अच्छा है, वर्कआउट के लिए किसी खुले और पेड़-पौधों से घिरे जगह का चुनाव करें। कानों में हेडफोन लगा कर दौड़ना भले ही फैशन हो लेकिन अगर आप रनिंग या जॉगिंग कर रहे हैं तो प्रकृति को सुनने का प्रयास कीजिए। ये हमें मानसिक रिलैक्सेशन देता है। आज हम सब जिस तरह के आक्रामक और अशांत मानसिकता के बनते जा रहे हैं, वहां सिर्फ प्रकृति के पास ही वो पावर है, जो हमें शांत-चित्त रख सकती है। *





कविता
विक्रम सिंह


## मछलियां और हम

मछलियां जमीं पर
नहीं लेती सांस
और हम,
नभ के नीचे
घुटने को अभिशप्त हैं।
जंगलों की लाश पर
उठते हैं हमारे महल,
हर ईंट में कैद है,
एक सूखी सांस।
एक वक्त आएगा...
जब हवाएं भी पराई होंगी,
और हम
मछलियों की तरह,
अपनी ही धरती पर
मुरझा जाएंगे।

व्यंग्य / यशोधरा भटनागर

## लुढ़कते लोटे

आज के युग में बिन पेंदे का लोटा होना कोई दोष नहीं, बल्कि गुण बन गया है। स्थिर रहो तो मूर्ख कहे जाते हो, पलट जाओ तो चतुर और बार-बार पलटो तो स्मार्ट। अब विचार नहीं बदलते, सिर्फ हैशटैग बदलते हैं। 'बिन पेंदी का लोटा' होना अब रणनीति है।



साफ-सफाई के दौरान कुछ पुराने बर्तनों में पीतल का लोटा हाथ आ गया। मैंने उसे नीचे रखा तो यहां-वहां लुढ़कने लगा। उसे तो अपनी बनावट के कारण लुढ़कना ही था, लेकिन हमें हिंदी की कक्षा में पढ़ाया गया मुहावरा जरूर याद दिला गया, 'बिन पेंदी का लोटा।'

याद आया स्कूल में तो यह भी दूसरे मुहावरों जैसे ही रट लिया था जैसे 'गले का हार होना' या 'चिकना घड़ा होना', परंतु आज हमारे अंदर बैठे लेखक नामक जीव ने गूढ़ार्थ में गोते लगाने के लिए मजबूर कर दिया।

डुबकियां लगाते-लगाते ज्ञान प्राप्त हुआ कि आज के समय में बिन पेंदे का लोटा कोई मुहावरा नहीं, बल्कि खरपतवार की तरह फलती-फूलती एक प्रजाति है, जो राजनीति में, टीवी डिबेट में, व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी में और मोहल्ले की चौपाल से लेकर सोशल मीडिया की टाइमलाइन तक हर जगह मौजूद है।

पहले यह गुण नेताओं ने अपनाया। कहा जाता 'वो नेता बिन पेंदे का लोटा है, कब किस दल में चला जाए, कहा नहीं जा सकता।'

गौर कीजिए एक नेता का वार्तालाप-

'मैं नैतिकता के आधार पर पार्टी छोड़ रहा हूं।'

'क्यों नेता जी?'

'इस पार्टी में नैतिकता बची ही कहां है भैया, इसीलिए।'

'तो किस पार्टी में जाओगे?'

'जहां मंत्री पद मिलेगा, वहीं नैतिकता भी मिल जाएगी।'

नेता अगर पत्ता भी तोड़ता है, तो पहले हवा का रुख देखता है। गिरेगा तो उसी दिशा में, जहां ट्रेंडिंग हो। कल तक जो पार्टी उनकी निगाहों में 'गुलाम मानसिकता' की थी, आज वहां जाकर बोलते हैं, 'मैं राष्ट्रसेवा के लिए आया हूं।'

आजकल नैतिकता के जी.पी.एस. विहीन लोटों की कमी नहीं है। अब ये लोटे केवल राजनीति में ही नहीं, सोशल मीडिया पर भी हैं। ये लोटे अब केवल पानी नहीं ढोते, ये व्यूज, लाइक्स और ब्रांड डील्स भी ढोते हैं। ये बिन पेंदी के लोटे डूबते-उतराते रीलों की लहर पर खूब बह रहे हैं।

एक गुरुजी ने पहले कहा, 'हम नई पीढ़ी को आलोचनात्मक चिंतन सिखाएंगे।'

जब बच्चे सरकार से सवाल करने लगे तो गुरु जी बोले, 'नालायक बन गए हैं, संस्कृति खत्म कर दी।'

अब वही गुरुजी पेड वेबिनार में 'नेशनलिज्म और योगा' पढ़ा रहे हैं, क्योंकि वही ट्रेंडिंग है। इन्हीं के चलते नैतिकता अब कूपन कोड बन गई है, मौके पर डालो, डिस्काउंट मिल जाएगा।

जब हम मीडिया के लोटे का पेंदा ढूंढ़ने लगे तो ढूंढ़ते रह गए। पहले कहते थे 'हम सत्ता की आंख में आंख डाल कर सच बोलेंगे।' अब सच को आंख-मिचौली का खेल बना दिया है।

आम जनता विलाप करती है, 'महंगाई हमें रुला रही है।'

रिपोर्टर पूछती है, 'लेकिन एक्ट्रेस की ड्रेस पर आपका क्या कहना है?'

बेरोजगार युवा कहते हैं, 'हमें नौकरी चाहिए।'

रिपोर्टर कहती है, 'एक बाबा ने जल में से निकाली सोने की मछली।'

गरीब गिड़गिड़ाता है, 'हमें राशन चाहिए साहब।'

रिपोर्टर उत्साहित होकर बताती है, 'देखिए, मंत्री जी की पोती ने गाया ऐसा मार्मिक देशभक्ति गीत, देश हुआ गौरवान्वित।'

महिला घबराकर कहती है, 'सड़क पर रोशनी नहीं है, डर लगता है।'

रिपोर्टर कहती है, 'देखिए, किस सेलिब्रिटी ने खरीदी तीन करोड़ की कार!'

एक समय था, जब कहा जाता था 'व्यक्ति को बिना पेंदे का लोटा नहीं होना चाहिए। बर्तन बड़ा या छोटा हो पर पेंदे वाला हो।' लेकिन आजकल हर कोई सोचता है, 'अगर लोटा बनेंगे, तो बहाव में चलेंगे। और बहाव वहीं है, जहां पावर है।'

अगर महाभारत आज लिखा जाता, तो शकुनि अपने भांजे दुर्योधन से कहता, 'मैं पांडवों का स्थायी दुश्मन नहीं हूं, राजनीतिक परिस्थितियां बदल रही हैं। फिलहाल सोशल मीडिया पर पांचों पांडव ज्यादा ट्रेंड कर रहे हैं, तो मैं भी उनकी तरफ चला जाता हूं।'

आज के युग में बिन पेंदे का लोटा होना कोई दोष नहीं, बल्कि गुण बन गया है। स्थिर रहो तो मूर्ख कहे जाते हो, पलट जाओ तो चतुर और बार-बार पलटो तो स्मार्ट। अब विचार नहीं बदलते, सिर्फ हैशटैग बदलते हैं।

'बिन पेंदी का लोटा' होना अब रणनीति है। सिर्फ एक चीज स्थिर है और वो है अस्थिरता। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## उद्भ्रांत का बहुविध रचनाकर्म

करीब डेढ़ सौ पुस्तकों के रचनाकार उद्भ्रांत का रचना संसार बहुत विस्तृत है। उनके रचनाकर्म के विभिन्न आयामों पर अनेक आलोचकों के द्वारा लिखे गए लेखों की पुस्तक 'उद्भ्रांत का रचनाकर्म' कुछ समय पूर्व कैलाश बाजपेयी के संपादन में प्रकाशित होकर आई है। इसके पहले खंड में 19 आलोचनात्मक लेख हैं, जबकि दूसरे खंड में हरभजन सिंह मेहरोत्रा द्वारा उद्भ्रांत पर लिखा गया संस्मरण और शहंशाह आलम द्वारा लिया गया उद्भ्रांत का साक्षात्कार भी संकलित है। उद्भ्रांत की प्रसिद्ध रचना 'रुद्रावतार' पर डॉक्टर आनंद सिंह लिखते हैं, 'उद्भ्रांत की विशेषता यह मानी जानी चाहिए कि उन्होंने आधुनिक कविता के गद्याभासी समकालीन समय में मिथकाभासी छांदस कविता रचकर संश्लिष्ट सर्जनाशक्ति का परिचय दिया है, जो आजकल विलुप्त हो गई प्रवृत्ति है।'




शहंशाह आलम के द्वारा पूछे गए एक सवाल पर उद्भ्रांत का यह कथन उनकी लेखकीय प्रतिबद्धता को प्रकट करता है, 'हर कवि अपनी कविता का मुहावरा स्वयं खोजता है।' कह सकते हैं कि यह किताब उद्भ्रांत के रचनाकर्म को समझने का रास्ता मुहैया कराती है। *

**पुस्तकः** उद्भ्रांत का रचनाकर्म (आलोचना),
**संपादकः** कैलाश बाजपेयी, **मूल्यः** 245 रुपए,
**प्रकाशकः** नमन प्रकाशन, नई दिल्ली

# ‘वोट चोरी’ के दावों के बीच चुनाव आयोग आज करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगाए गए ‘वोट चोरी’ के आरोपों और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों के लगातार विरोध के बीच चुनाव आयोग (ईसीआई) रविवार शाम 3 बजे नई दिल्ली स्थित नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा।

बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया शुरू होने के बाद चुनाव आयोग की यह पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। ईसीआई ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस का विषय अभी तक स्पष्ट नहीं किया है, हालांकि सूत्रों ने बताया कि यह विपक्ष दलों द्वारा चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए आरोपों से संबंधित हो सकता है। राहुल गांधी ने बार-बार चुनाव आयोग पर मतदान के आंकड़ों में हेराफेरी का आरोप लगाया है और कहा है कि महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा और कर्नाटक में लोकसभा चुनावों में बीजेपी को जिताने के लिए ‘वोट चोरी’ हुई थी।

## राहुल समेत विपक्ष के आरोपों का मिलेगा जवाब?

### विपक्षी दल का एसआईआर विरोध

*चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव से चार महीने पहले राज्य की मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू कर दिया है, जिसका विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। इस निर्णय को लेकर उठे सवाल अब संसद के मानसून सत्र में चर्चा का विषय बन गए हैं और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। विपक्षी दलों का दावा है कि चुनाव आयोग के इस कदम से दस्तावेजों के अभाव में करोड़ों पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित हो जाएंगे।*




### आयोग पर सुप्रीम सख्ती

आयोग के नानुकर के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से बिहार में मतदाता सूची में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों का विवरण, उन्हें शामिल न करने के कारणों सहित प्रकाशित करने को कहा है, जिसके लिए आयोग सहमत हो गया है। अगर किसी पात्र मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से बाहर हुआ है, तो चुनाव आयोग ने उसे अपना नाम जुड़वाने के लिए 30 सितंबर तक का मौका दिया है। अंतिम मतदाता सूची 1 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी।

# राहुल की वोट अधिकार यात्रा बिहार में आज से, तेजस्वी भी होंगे शामिल

**1,300 किमी की यह यात्रा चलेगी 16 दिन, गुजरेगी 25 जिलों से**

**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी 17 अगस्त से बिहार यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। कांग्रेस ने इसका नाम वोट अधिकार यात्रा दिया है। राहुल गांधी 16 दिन बिहार में रहेंगे। इस दौरान वह 24 जिले में यात्रा करेंगे। इन 24 जिलों में 118 विधानसभा आते हैं। कांग्रेस सांसद अखिलेश सिंह ने कहा कि 17 अगस्त से वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत हो रही है। इसको लेकर सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। 16 दिन तक चलने वाली 1,300 किलोमीटर की यह यात्रा बिहार के करीब 25 जिलों से गुजरेगी। इस यात्रा में इंडिया गठबंधन के सभी दल के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी इस यात्रा में शामिल होंगे।




*वोट की मजबूती के लिए यात्रा : कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि राहुल वोट के अधिकार को मजबूत करने, भारत के संविधान, लोकतंत्र और मतदाताओं को मजबूत करने बिहार आ रहे हैं। राहुल बिहार और भारत के भविष्य को मजबूत करने के लिए यह वोटर अधिकार यात्रा पर निकल रहे हैं। वे जनता की अदालत में पहुंचेंगे तथा लोगों को बताएंगे कि भारत के संविधान को अगर मजबूत करना है, तो यहां के मतदाता को मजबूत करना होगा।*

### यह है यात्रा का पूरा शेड्यूल

17 अगस्त - रोहतास, 18 अगस्त- औरंगाबाद, गया, 19 अगस्त- नवादा, नालंदा, शेखपुरा, 21 अगस्त- लखीसराय, मुंगेर, 22 अगस्त- भागलपुर, 23 अगस्त- कटिहार, 24 अगस्त- पूर्णिया, अररिया, 26 अगस्त- सुपौल, मधुबनी, 27 अगस्त- दरभंगा, मुजफ्फरपुर, 28 अगस्त- सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, 29 अगस्त- पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, 30 अगस्त- सारण, आरा, एक सितंबर- पटना।

## बिहार में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार का ऐलान



**पटना।** बिहार में नए उद्यमियों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है। नीतीश कुमार ने शनिवार को जन्माष्टमी के मौके पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब बिहार में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा। इसके साथ ही नीतीश कुमार ने युवाओं के रोजगार की दृष्टि से भी बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, ‘अब बिहार में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा।

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
**(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5 रूल्स 1 और 5)**
दीवानी मुकदमा नं. RCA-57A/23 सन्
प्रो. 473/25
**अदालत- श्रीमान द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश दुर्ग (छ.ग.)**
आवेदक- रामेश्वरी ऊर्फ दीपा अपीलार्थी
अनावेदक- माया बाई स्वर्णकार वगैरह उत्तरवादीगण
बनाम- उत्तरवादी क्रमांक 06 हेमलता आ. राजेन्द्र प्रसाद स्वर्णकार निवासी चांपा जांजगीर, एस.इंस्टीट्यूट तहसील व जिला चांपा जांजगीर (छ.ग.)
क्योंकि मुद्दई मजकूर ने आपके खिलाफ दीवानी अपील अंतर्गत धारा-96 RCA-57A/23 का मुकदमा दायर किया है, आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 29 माह 08 सन 2025 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठाक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरुरी सवालात का जवाब दे सके (या) जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिये जाहिर हो जावो और आपकी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से आपको उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रखना होगा कि जिन पर आप अपने बचाव की पुष्टि के लिये भरोसा रखना चाहते हो।
आपको ताकीद की जाती है कि यदि आप तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो आपके गैर हाजिरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।
आज तारीख 01 माह 08 सन 2025 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
**यशवंत कुमार सारथी**
**द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश दुर्ग (छ.ग.)**

## तैयार किए गए 2 खास मॉड्यूल, मचा बवाल

# एनसीईआरटी पढ़ाएगा- जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन थे भारत विभाजन के जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस घोषित किया है। इस दिन का उद्देश्य छात्रों और समाज को यह याद दिलाना है कि भारत-पाकिस्तान के बंटवारे (1947) ने लाखों लोगों की जिंदगियों पर कितना गहरा असर डाला। एनसीईआरटी द्वारा विभाजन की विभीषिका, स्मृति दिवस पर विशेष मॉड्यूल, कक्षा 6-8 के मध्य और माध्यमिक कक्षाओं के लिए तैयार किया गया है।

इसका मतलब है कि अब मिडिल और सेकेंडरी स्कूलों के बच्चों को पढ़ाई में यह भी सिखाया जाएगा कि आजादी के समय 1947 में हुए बंटवारे से लोगों को कितनी मुश्किलों और दुखों का सामना करना पड़ा, और हमें उससे क्या सीख लेनी चाहिए। एनसीईआरटी के खास मॉड्यूल में बताया गया है कि भारत का विभाजन किसी एक व्यक्ति की वजह से नहीं हुआ था। इसके लिए तीन लोग/पक्ष ज़िम्मेदार थे – 1. मुहम्मद अली जिन्ना – जिन्होंने बंटवारे की मांग की। 2. कांग्रेस – जिसने बंटवारे को स्वीकार कर लिया। 3. लॉर्ड माउंटबेटन – जिन्होंने इसे लागू किया।

**विपक्ष ने कहा- आरएसएस-हिंदू महासभा चाहते थे बंटवारा**

**टू नेशन थ्योरी का जिक्र कर कांग्रेस ने साधा निशाना**



### भारत का बंटवारा : नेताओं के विचार और नतीजे

*एनसीईआरटी के इस खास मॉड्यूल में बताया गया है कि आजादी के समय देश के बड़े नेताओं के पास बंटवारे को लेकर अलग-अलग राय थी। सरदार वल्लभभाई पटेल शुरू में बंटवारे के पक्ष में नहीं थे। लेकिन बाद में उन्होंने इसे जबरदस्ती ली जाने वाली दवा की तरह स्वीकार किया। जुलाई 1947 में बॉम्बे की एक सभा में उन्होंने कहा था- ‘देश युद्ध का मैदान बन चुका है, दोनों समुदाय अब शांति से साथ नहीं रह सकते। गृहयुद्ध से अच्छा है कि बंटवारा कर दिया जाए।’ महात्मा गांधी बंटवारे के खिलाफ थे। उन्होंने 9 जून 1947 को प्रार्थना सभा में कहा था– ‘अगर कांग्रेस बंटवारे को मानती है, तो यह मेरी सलाह के खिलाफ होगा। लेकिन मैं इसका विरोध हिंसा या गुस्से से नहीं करूंगा।’ इसके बावजूद हालात ऐसे बने कि नेहरू और पटेल ने गृहयुद्ध के डर से बंटवारे को स्वीकार कर लिया। महात्मा गांधी ने भी अपनी आपत्ति छोड़ दी और 14 जून 1947 को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में बाकी नेताओं को भी बंटवारे के लिए तैयार कर दिया।*

### माउंटबेटन की जल्दबाजी और उसके नतीजे

मॉड्यूल के अनुसार, लॉर्ड माउंटबेटन ने एक बड़ी गलती की। उन्होंने सत्ता हस्तांतरण की तारीख जून 1948 से घटाकर अगस्त 1947 कर दी। यानी पूरे काम के लिए केवल 5 हफ्ते मिले. सीमाओं का बंटवारा भी जल्दबाजी में हुआ। हालत ये थे कि 15 अगस्त 1947 के दो दिन बाद तक पंजाब के लाखों लोगों को पता ही नहीं था कि वे भारत में हैं या पाकिस्तान में। इस जल्दबाजी को बहुत बड़ी लापरवाही माना गया।

### कांग्रेस सहित विपक्ष ने साधा भाजपा-आरएसएस पर निशाना

*कांग्रेस का कहना है कि एनसीईआरटी के मॉड्यूल में सच्चाई पूरी तरह नहीं बताई गई। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि अगर इसमें सिर्फ कांग्रेस और जिन्ना को ही विभाजन का जिम्मेदार ठहराया गया है, तो यह अधूरी कहानी है।आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, ‘आरएसएस हमेशा टू नेशन थ्योरी का समर्थन करता था। सावरकर ने भी अपनी किताब में ये बात कही थी। जिन्ना, आरएसएस और हिंदू महासभा सभी भारत के विभाजन के पक्ष में थे। कांग्रेस और जिन्ना को सिर्फ जिम्मेदार ठहराना गलत है। आरएसएस और हिंदू महासभा को भी उतनी ही विभाजन की जिम्मेदारी लेनी होगी।’ एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल उठाया कि अगर एनसीईआरटी बदलाव कर रहा है, तो उसमें आरएसएस की प्रार्थना क्यों नहीं पढ़ाई जाती? उनका आरोप है कि बीजेपी और आरएसएस सत्ता में आने के बाद इतिहास को बदलने की आदत रखते हैं।*

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
**निविदा सूचना क्र. : सीनियर डी.ई.ई. (आर.एस.&जी.) बी.एस.पी./ओ.टी.पी./ 25-26-13 दिनांक 07.08.2025**
**कार्य का नाम :** बिलासपुर के एनईआई (NEI) संस्थान सम्मेलन हॉल में क्षतिग्रस्त एयर कंडीशनिंग को केंद्रीकृत एयर कंडीशनिंग प्रणाली से बदलना।
**निविदा मूल्य :** रू. 12077486.73/- **अमानत राशि :** रू. 210400/- **निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 05/09/2025, 15:00 बजे
विस्तृत जानकारी /निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज जो हमारी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर /देख सकते है।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (आर. एस. एवं सामान्य)
सीपीआर/10/AM/235 द.पू.म.रे., बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई- निविदा सूचना**
निविदा संख्या - 745-ST-CON-R-URK-RSD
दिनांक: 08.08.2025
कार्य: उरकुरा और रायपुर स्टोर डिपो के दोहरीकरण के संबंध में सिग्नल और इंटरलॉकिंग कार्य- उरकुरा (URK) स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (नेक्स्ट जेन) में परिवर्तन और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल ने रायपुर स्टोर डिपो (RSD) स्टेशन पर सीमेंस आरआरआई, मेटल टू मेटल में संशोधन, **निविदा मूल्य:** रु. 4,13,78,049.68 (चार करोड़ तेरह लाख अठत्तर हजार उनचास रुपए और अड़सठ पैसे मात्र), **ईएमडी:** रु. 3,56,900/- (तीन लाख छप्पन हजार नौ सौ रूपए मात्र), **निविदा बंद होने की तिथि:** 29.08.2025 को 17.30 बजे तथा अधिक जानकारी/पात्रता, मानदंड और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण के लिए, कृपया उप-मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण, एस.ई.सी. रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें/डाउनलोड करें।
उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण
CPR/10/PR/251 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
क्र.06/न.पा.नि./जल विभाग/2025-26 दिनांक 14/08/2025
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 09/09/2025 तक आमंत्रित की जाती है :–

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 173386 | Providing, Laying, Jointing, Testing and Commissioning of Clear Water Gravity Main from MBR to Various OHTs of Bilaspur Municipal area | 812.11 | 4,06,000.00 |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, दिनांक 18/08/2025 निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
सम्पत्तिकर, दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जा सकता है।
कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड (सं./सं.) संम्भाग-बलरामपुर**
क्रमांक / का0यं0ब0/क्रय / सूचना /2708 बलरामपुर, दिनांक 14.08.2025
**विद्युत बंद की सूचना**
बलरामपुर जिले के समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.08.2025 को रामानुजगंज वितरण केन्द्र अन्तर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जामवन्तपुर में आवश्यक सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिस हेतु निम्नलिखित सूची अनुसार विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

| दिनांक | उपकेन्द्र/फीडर का नाम | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 17.08.2025 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जामवन्तपुर | सुबह 10:00 बजे से शाम 2:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जामवन्तपुर से निकलने वाली समस्त फीडर की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी। |

टीप :– आवश्यकतानुसार समय में बदलाव किया जा सकता है।
“विद्युत की बचत करें, समय पर विद्युत बिल का भुगतान करें।”
भवदीय
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि., बलरामपुर
संवाद-

**200 से ज्यादा हुए लापता, अब तक 500 का रेस्क्यू**

# किश्तवाड़ हादसा, करीब 65 शव बरामद, 40 की हुई पहचान

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन था। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इसके कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 34 शवों की पहचान की जा चुकी है।

500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं।



### श्रद्धालु पहुंचे थे गांव

यह हादसा उस वक्त हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए जिले के पड्डर सब-डिवीजन में चसोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सब कुछ बाढ़ में बह गया। चसोटी किश्तवाड़ शहर से लगभग 90 किलोमीटर और मचैल माता मंदिर के रास्ते पर पहला गांव है।

### डराने वाले मंजर

इस त्रासदी के मंजर डराने वाले हैं। मलबे में कई शव खून से सने थे। फेफड़ों में कीचड़ भर गया था। टूटी पसलियां और अंग बिखरे पड़े थे। स्थानीय लोगों, सेना के जवानों और पुलिस ने घायलों को घंटों मशक्कत के बाद कीचड़ भरे इलाके से खोदकर अपनी पीठ पर लादकर स्पताल पहुंचाया गया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
अनुलग्न-अ
**कार्य विवरण:** बिलासपुर मंडल के SDL (शहडोल) रेलवे स्टेशनों के परिसंचारी क्षेत्र में 'आउट ऑफ होम (ओओएच)' विज्ञापन के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन कार्य (गैर- डिजिटल) जिसका कुल क्षेत्रफल 4600 वर्ग फुट है। हेतु लाइसेंस आबंटन हेतु ई- नीलामी आमंत्रित की गई है।
पांच (5) वर्षों की अवधि के लिए बिलासपुर मंडल के SDL (शहडोल) रेलवे स्टेशनों के परिसंचारी क्षेत्र में 'आउट ऑफ होम (ओओएच)' विज्ञापन के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन कार्य (गैर- डिजिटल) जिसका कुल क्षेत्रफल 4600 वर्ग फुट है। हेतु लाइसेंस आबंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटलॉग पहले ही **दिनांक 07.08.2025** को आईआरईपीएस वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं:

| कैटेलॉग क्रमांक | श्रेणी | नीलामी दिनांक एवं समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| OOH-SDL-25 | एडवर-टाइजिंग आउट ऑफ होम | 26.08.2025 12:00 | ADVT-BSP-SDL-OH-180-25-1 | बिलासपुर मंडल के SDL (शहडोल) रेलवे स्टेशनों के परिसंचारी क्षेत्र में 'आउट ऑफ होम (ओओएच)' विज्ञापन के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन कार्य (गैर- डिजिटल) जिसका कुल क्षेत्रफल 4600 वर्ग फुट है। हेतु लाइसेंस. | 1826 दिन |

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
सीपीआर/10/248 द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
**“मिनी रत्न कम्पनी”**
**(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)**
क्रमांक: एसईसीएल/मप्र/गेवरा क्षेत्र/भू–राजस्व/2025/755 दिनांक 31.07.2025
**आम सूचना**
इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि गेवरा परियोजना गेवरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम नरईबोध के अधोलिखित भू–विस्थापित एवं उनके द्वारा नामित आश्रित/उम्मीदवार के विभिन्न दस्तावेजों में भिन्नता है, जो कि निम्नानुसार है:–

| क्र. | ग्राम का नाम | राज्य शासन द्वारा प्रदत्त प्रमाणित पत्रक V/VI में खातेदार का नाम | नामांकन के अनुसार खातेदार का नाम | खसरा नं. (सीबीए के तहत) पत्रक अनुसार | रकबा भुगतान व्हाउचर अनुसार | रोजगार हेतु नामांकित व्यक्ति का नाम | खातेदार से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | नरईबोध | श्यामबाई पिता चमार सिंह सा. नरईबोध भूमिस्वामी पी–2 वर्ष 2009-2014 तक में नाम – श्यामबाई पिता चमरा सिंह; नामांतरण पंजी में नाम – श्यामबाई पिता चमरा सिंह; बी–1 वर्ष 2007-08 में नाम – श्यामबाई पिता चमरा सिंह कंवर; भू–अधिकार पुस्तिका में नाम – श्यामबाई पिता चमरा सिंह; आधार कार्ड में नाम – श्यामबाई कंवर पति गुलाबसिंह कंवर; राशन कार्ड में नाम – श्यामबाई कंवर पति गुलाबसिंह | श्यामबाई पिता स्व. चमरा सिंह | 23/2 | 0.421 हे./ 1.04 एकड़ | कल्याण सिंह पिता गुलाब सिंह; आधार कार्ड में नाम – कल्याण सिंह कंवर पिता गुलाब सिंह; जाति प्रमाण पत्र में नाम – कल्याण सिंह पिता गुलाब सिंह; निवास प्रमाण पत्र में नाम – कल्याण सिंह पिता गुलाब सिंह; स्कूल प्रमाण पत्र (कक्षा 10वीं) में नाम – कल्याण सिंह कंवर पिता गुलाब सिंह कंवर; रोजगार पंजीयन कार्ड में – कल्याण सिंह कंवर पिता गुलाब सिंह कंवर | पुत्र |

(1) अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजी प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगा।
(2) प्रस्तुत रोजगार के प्रस्ताव में खातेदार एवं आश्रित उम्मीदवार के नाम/उपनाम भिन्न–भिन्न दस्तावेजों में भिन्न–भिन्न दर्ज हैं, जो एक ही व्यक्ति का होना दर्शाया गया है, इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें।
महाप्रबंधक, एसईसीएल गेवरा क्षेत्र

## लारेंस गुट के त्यागी ने दिल्ली जेल में लगाई फांसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक बड़े गैंगस्टर सलमान त्यागी ने मंडोली जेल में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। सलमान का शव सेल में चादर से लटका मिला है। वह पश्चिमी दिल्ली का बड़ा गैंगस्टर था और नीरज बवाना से लॉरेंस बिश्नोई तक के लिए काम कर चुका था। मकोका केस में बंद सलमान त्यागी पर लूट और हत्या जैसे दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। यह घटना दिल्ली की जेल नंबर 15 में हुई जहां उसकी लाश एक फंदे से लटकी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। सलमान त्यागी ने आत्महत्या की या उसकी मौत के पीछे कोई दूसरी वजह है, पुलिस इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर चुकी है। सलमान त्यागी पर हत्या, लूटपाट, फिरौती के कई मुकदमे दर्ज थे।

वित्तीय सेवाएं विभाग
DEPARTMENT OF FINANCIAL SERVICES
बैंक ऑफ़ इंडिया
**3 महीने**
**वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान**
(1 जुलाई 2025-30 सितंबर 2025)
**प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक शिविर**
**देश भर में कुल 2.7 लाख शिविर**
**शिविरों में दी जाने वाली सुविधाएं**
शून्य शेष राशि पर पीएमजेडीवाई खाता खोलना, कोई शुल्क नहीं और ₹2 लाख के दुर्घटना बीमा के साथ निःशुल्क डेबिट कार्ड
केवल ₹436 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर 2 लाख के जीवन बीमा कवर के लिए पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन (पात्रता: 18-50 वर्ष)
केवल ₹20 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर ₹2 लाख के दुर्घटना बीमा कवर के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में नामांकन (पात्रता: 18-70 वर्ष)
₹1000 से ₹5000 प्रति माह तक की गारंटीकृत पेंशन के लिए अटल पेंशन योजना की सदस्यता (पात्रता: 18-40 वर्ष)
10 या उससे अधिक वर्ष पहले खोले गए बचत खातों और पीएमजेडीवाई खातों तथा निष्क्रिय खातों के लिए भी पुनः केवाईसी करवाएं।
डिजिटल धोखाधड़ी से खुद को कैसे बचाएं और RBI द्वारा दावा न किए गए जमा में स्थानांतरित धन का दावा कैसे करें, इस बारे में जानकारी प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिए कृपया अपनी निकटतम बैंक शाखा/बीसी से संपर्क करें
इस मुहिम में शामिल हों। इसका प्रचार–प्रसार करें। बीमा करवाएँ
जनसुरक्षा योजना नामांकन, खाता खोलने, पुनः केवाईसी और धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए प्रत्येक पंचायत में शिविर पर जाएँ।
बैंक आपके दरवाज़े पर लाभ उठाएँ
**किसी भी अन्य जानकारी के लिए कृपया अपनी निकटतम बैंक ऑफ इंडिया शाखा से संपर्क करें।**

# छह साल की मासूम अब देख सकेगी दुनिया, आंबेडकर अस्पताल में कार्निया ट्रांसप्लांट

## जन्म से दृष्टिबाधित थी बच्ची, प्रत्यारोपण कराने वाली सबसे छोटी मरीज

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

जीवन में अंधकार लेकर पैदा हुई छह साल की मासूम अब दान में मिली आंखों के जरिए दुनिया देख सकेगी। पैदा होने के बाद ही कॉर्नियल ओपेसिटी की वजह से उसकी दोनों आंखों से दिखाई नहीं पड़ता था। आंबेडकर अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में कार्निया प्रत्यारोपण कराने वाली यह सबसे छोटी मरीज है। इसके अलावा तीन अन्य लोगों का ट्रांसप्लांट भी सफलतापूर्वक किया गया।

आंबेडकर अस्पताल के नेत्र रोग विभाग को हाल ही में कार्निया दान में मिला था, जिसकी मदद से लंबे समय से दुनिया देखने की प्रतीक्षा कर रही बच्ची का इंतजार खत्म हुआ। कार्निया मिलने के बाद चिकित्सकों की टीम ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती किया और बड़ी सर्जरी कर उसकी अंधेरी दुनिया में रोशनी भर दी। जन्म से ही कॉर्नियल ओपेसिटी के कारण दोनों नेत्रों से पूर्णतः दृष्टिहीन बालिका की दृष्टि में लगातार सुधार हो रहा है। इसके अलावा तीन अन्य मरीजों का कार्निया प्रत्यारोपण विभागीय चिकित्सकों द्वारा पूरा किया गया। चिकित्सकों के अनुसार मरीजों में शल्य चिकित्सा के बाद संतोषजनक सुधार देखा जा रहा है। कॉर्निया प्रत्यारोपण डॉ. निधि पांडे के मार्गदर्शन में डॉ. रेशु मल्होत्रा, डॉ. स्मृति गुप्ता (कार्निया विशेषज्ञ) तथा डॉ. अंजू भास्कर द्वारा किए गया।

### गंभीर बीमारियों के उपचार की सुविधा मौजूद

डाक्टरों के मुताबिक विभाग में नेत्र से संबंधित सामान्य एवं गंभीर बीमारियों के लिए अत्याधुनिक उपचार सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में आधुनिक एवं नवीनतम नेत्र उपचार के उपकरणों में फंडस इमेजिंग कैमरा, बी स्कैन विद यूबीम, डबल फ्रीक्वेंसी ग्रीन लेज़र विद स्लिट लैम्प आईएलओ, ऑप्थेल्मिक बायोमेट्री, आटो रिफ्रैक्टर, ओसीटी मशीन, ए स्कैन, किरैटोमीटर, फेको और विट्रैक्टॉमी मशीन इत्यादि उपलब्ध है।

### संस्थान के लिए गर्व

नेत्र रोग विभाग द्वारा हासिल की गई यह उपलब्धि न केवल चिकित्सकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी श्रेष्ठ उदाहरण है। छह वर्षीय बालिका के जीवन में रोशनी लौटाने का प्रयास करना इस संस्थान के लिए गर्व की बात है। यह विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और नेत्रदान करने वाले उन नेत्रदाताओं के सहयोग से संभव हुआ।

**- डॉ. संतोष सोनकर,** चिकित्सा अधीक्षक आंबेडकर अस्पताल

# सौर सुजला योजना में लगेंगे इस साल साढ़े सात हजार सोलर कृषि पंप



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में किसानों को अब सोलर कृषि पंप प्रधानमंत्री कुसुम योजना में लगाए जाएंगे। इसके लिए केंद्र सरकार को 20 हजार पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन योजना को अभी मंजूरी नहीं मिली है। ऐसे में किसानों को परेशानी न हो, इसलिए फिलहाल सौर सुजला योजना को बंद न करके इस साल साढ़े सात हजार सोलर पंप लगाने का फैसला प्रदेश सरकार के निर्देश पर क्रेडा ने किया है।

प्रदेश सरकार क्रेडा के माध्यम से 2016-17 से प्रदेश में किसानों को सौर सुजला योजना के माध्यम से सोलर कृषि पंप लगाकर दे रही है। इस बीच केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना आने के बाद अब इसी योजना में किसानों को सोलर पंप लगाकर देगी। इसके लिए केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भी चला गया है। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करके प्रस्ताव को मंजूरी देने की मांग भी रखी है, लेकिन अभी प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली है।

### अंतिम चरण में लगेंगे 7500 पंप

क्रेडा ने तय किया है कि प्रदेश में कुल 7,500 सोलर सिंचाई पंपों की स्थापना की जाएगी। अब तक योजना में करीब तीन हजार सोलर पंप लग भी गए हैं। बाकी पंप लगने के बाद सौर सुजना योजना में सोलर पंप नहीं लगेंगे। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने बताया, योजना अंतर्गत कृषकों के सिंचाई आवश्यकता की पूर्ति हेतु सौर सिंचाई पंप स्थापित किए जा रहे हैं। सोलर पंप के उपयोग से राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भू-जल के संरक्षण एवं संवर्धन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायता मिल रही है।

### बस्तर-सरगुजा में ज्यादा पंप

सौर सुजला योजना अंतर्गत अधिकांश सोलर पंप बस्तर एवं सरगुजा संभाग के जिलों में स्थापित किए गए हैं। राज्य में बस्तर, सरगुजा संभाग एवं अन्य जिलों में नक्सल गतिविधियां होने के कारण क्रियान्वयन में कठिनाई आई है, इसके बाद भी राज्य में कुल स्थापित पंपों में से बस्तर संभाग में लगभग 20% तथा सरगुजा संभाग में लगभग 30% सोलर पंपों की स्थापना की गई है। कृषकों को योजना से लाभ होने के कारण लगातार सोलर पंप की स्थापना हेतु मांग प्राप्त हो रही है। योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 64% अन्य पिछड़ा वर्ग के 27% एवं सामान्य वर्ग के 09% कृषकों के यहां सोलर पंप की स्थापना की गई है। सोलर पंप की स्थापना उपरान्त उचित सिंचाई सुविधा प्राप्त होने से कृषक प्रतिवर्ष दो अतिरिक्त फसलों एवं अन्य बागवानी फसलों का भी लाभ ले पा रहे हैं। इससे किसानों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो रही है तथा आर्थिक स्थिति एवं जीवन शैली में सुधार आया है।

# छत्तीसगढ़ भाजयुमो में अंडर 35 को ही मिलेंगे पद, नहीं चलेंगे ओवरएज

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की नई कार्यकारिणी के साथ सात मोर्चा के अध्यक्ष भी घोषित हो गए हैं। भाजयुमो का अध्यक्ष राहुल टिकरिहा को बनाया गया है। उनको अध्यक्ष बनाने के पीछे एक बड़ा कारण उनकी उम्र भी है। वे 35 साल से कम के हैं। इस बार तय है कि संगठन चुनाव में जिस तरह से मंडल अध्यक्ष के लिए 45 साल और जिलाध्यक्ष के लिए 60 साल उम्र की बाध्यता थी, उसी तरह से भाजयुमो अध्यक्ष के बाद अब अन्य पदाधिकारियों के लिए अंडर 35 साल की बाध्यता रहेगी। पिछली बार प्रदेश भाजयुमो की कार्यकारिणी में ओवरएज को पदाधिकारी बनाने के कारण बड़ा विवाद हुआ था। ओवरएज को बाहर करने की भी तैयारी थी, लेकिन ऐन समय पर भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी के बदले जाने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया था।

भाजपा का राष्ट्रीय संगठन इस बार भाजपा संगठन के चुनाव को लेकर बहुत गंभीर है। बीते साल सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव हुए तो इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि किसी भी हाल में मंडलों के अध्यक्षों की उम्र 45 साल से ज्यादा न हो। कुछ स्थानों पर तो जिनके नाम का समर्थन भाजपा के दिग्गज नेताओं ने किया था, उनकी उम्र ज्यादा होने के कारण उनको भी अध्यक्ष नहीं बनाया गया।

रायपुर। छत्तीसगढ़ को केंद्र द्वारा 50-50 हजार टन अतिरिक्त डीएपी और यूरिया खाद देने के आदेश पर कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि सरकार ने पहले राज्य में खुले बाजार में डीएपी और यूरिया खाद बिकवाई और व्यापारियों को कमाई का मौका दिया। जब किसानों ने यही खाद महंगी दरों पर खरीद ली है, तब सरकार की आंख खुली है। एक बयान में श्री साहू ने कहा है कि जून के आरंभ में ही आवश्यक खाद किसानों को उपलब्ध करा देना था।


# साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"

(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

जीए/बीएसपीआर/भू-राजस्व/आमगांव/25/3183

दिनांक 07.08.2025

## आम सूचना

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अंतर्गत आमगांव ओपनकास्ट परियोजना हेतु ग्राम पटना के लिए अधिग्रहित भूमि से प्रभावित भूस्वामी एवं उनके नामित आश्रित/उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् समाचार पत्र में प्रकाशन।

| क्र. | भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम धारा 9(1) दिनांक 15.07.2006 | स्टेटमेंट 1ए के अनुसार भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम | क्र. | दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेजों में भूमिस्वामी का नाम | रोजगार हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का नाम | क्र. | दस्तावेज | रोजगार हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का विभिन्न दस्तावजो में नाम | रिमार्क : जन्मतिथि, रोजगार पंजीयन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | निर्मला पुत्री चीत्रागंद, जाति-क्षत्रीय खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 777-0.87, 806-0.35, 820-1.33, 923-0.25, 972-0.54, 998-0.40, 1242-0.17, 1299-0.71, 1531-0.59 कुल 09 प्लाट, कुल रकबा 5.21 हे0 (12.874 एकड़) | निर्मला पुत्री चीत्रागंद, जाति-क्षत्रीय खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 777-0.87, 806-0.35, 820-1.33, 923-0.25, 972-0.54, 998-0.40, 1242-0.17, 1299-0.71, 1531-0.59 कुल 09 प्लाट, कुल रकबा 5.21 हे0 (12.874 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | निर्मला सिंह पति जावयंत सिंह परिहार | 1. राधा रमण सिंह आ0 विजय बहादुर सिंह भूमिस्वामी से सम्बंध-निर्मला का पोता | 1 | आधार कार्ड | 1. राधा रमण सिंह आ0 विजय बहादुर सिंह, 2. मधुसुदन सिंह आ0 विजय बहादुर सिंह, 3. लक्ष्मी सिंह पति विरेन्द्र सिंह, 4. पुष्पा सिंह परिहार पुत्री देवेन्द्र सिंह परिहार, 5. अनिकेत सिंह परिहार आ0 देवेन्द्र सिंह परिहार | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 (2020-21) | निर्मला पिता चित्रांगन | 2. मधु सुदन सिंह आ0 विजय बहादुर सिंह भूमिस्वामी से सम्बंध-निर्मला का पोता | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | 1. राधारमण सिंह आ0 विजय बहादुर सिंह, 2- MADHU SUDHAN SINGH S/O VIJAY BAHADUR SINGH, 3- LAXMI SINGH PARIHAR D/O JAWVANT SINGH PARIHAR, 4- PUSHPA SINGH PARIHAR D/O DEVENDRA SINGH PARIHAR, 5- ANIKET SINGH PARIHAR S/O DEVENDRA SINGH PARIHAR | 1- 27/07/1986, 2- 15/08/2001, 3- 15/08/1976, 4- 24/01/1996, 5- 04/09/1999 |
| | | | 3 | ऋण पुरितका | निर्मला पुत्री चित्रांगद सिंह | 3. लक्ष्मी सिंह परिहार पुत्री जाववंत सिंह परिहार भूमिस्वामी से सम्बंध- निर्मला की पुत्री | 3 | रोजगार पंजीयन | 1- RADHA RAMAN SINGH S/O VIJAY BAHADUR SINGH, 2- MADHU SUDHAN SINGH S/O VIJAY BAHADUR SINGH, 3- LAXMI SINGH W/O VIRENDRA SINGH, 4- PUSHPA SINGH PARIHAR D/O DEVENDRA SINGH PARIHAR, 5- ANIKET SINGH PARIHAR S/O DEVENDRA SINGH PARIHAR | 1- CT26120225098, 2- CT26120203799, 3- CT16120214327, 4- CT26120192494, 5- CT26120192493 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | निर्मला पुत्री चीत्रागंद, जाति-क्षत्रीय | 4. पुष्पा सिंह परिहार आ0 देवेन्द्र सिंह परिहार भूमिस्वामी से सम्बंध-निर्मला की पोती | 4 | जाति प्रमाण पत्र | — | |
| | | | 5 | वरियता सूची | निर्मला पुत्री चीत्रागंद, जाति-क्षत्रीय | 5. अनिकेत सिंह परिहार आ0 देवेन्द्र सिंह भूमिस्वामी से सम्बंध-निर्मला का पोता | 5 | निवास प्रमाण पत्र | 1. राधा रमण सिंह आ0 विजय बहादुर सिंह, 2. मधुसुधन सिंह आ0 विजय बहादुर सिंह, 3. लक्ष्मी सिंह पति विरेन्द्र सिंह, 4. पुष्पा सिंह परिहार पुत्री देवेन्द्र सिंह परिहार, 5. अनिकेत सिंह परिहार आ0 देवेन्द्र सिंह परिहार | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | निर्मला पुत्री चीत्रांगद (चीत्रांगन), जाति क्षत्रीय | | 6 | वंशवृक्ष | 1. राधा रमण सिंह आ0 विजय बहादुर सिंह, 2. मधु सुदन सिंह आ0 विजय बहादुर सिंह, 3. लक्ष्मी सिंह पुत्री निर्मला, 4. पुष्पा सिंह परिहार पुत्री देवेन्द्र सिंह परिहार, 5. अनिकेत सिंह परिहार आ. देवेन्द्र सिंह परिहार | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | 1. राधारमण सिंह आ0 विजय बहादुर, 2. मधुसुदन, 3. लक्ष्मी सिंह, 4. पुष्पा सिंह परिहार,5. अनिकेत सिंह परिहार | |
| 2 | देवसी आ0 होडईत, जाति-गोंड खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 1132-0.21, 1294-0.18, 1301-0.13, 1322-0.11, 1325-0.35, 1343-0.02, 1439-0.20, 1440-0.02, 1441-0.02, 1600-0.52, 1121-0.42, 1225-0.29, 1220/1-0.19, 1339-0.07 कुल 14 प्लाट, कुल रकबा 2.73 हे0 (कुल 6.746 एकड़) | रामफल, धनसाय, बीरबल आ0 देवसी, जाति-गोंड, खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 1132-0.21, 1294-0.18, 1301-0.13, 1322-0.11, 1325-0.35, 1343-0.02, 1439-0.20, 1440-0.02, 1441-0.02, 1600-0.52 कुल 10 प्लाट, कुल रकबा 1.76 हे0 (कुल 4.349 एकड़) रामप्रसाद आ0 बीरबल, जाति- गोंड, खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 1121-0.42, 1220/1-0.19, 1225-0.29, 1339-0.07, कुल 04 प्लाट, कुल रकबा 0.97 हे0 (कुल 2.397 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | किसमतिया सिंह पति परमेश्वर पुहुप, बीरबल नेताम आ0 देवसी, | 1. किसमतिया सिंह पुत्री धनसाय भूमिस्वामी से सम्बंध-धनसाय की पुत्री | 1 | आधार कार्ड | 1. किसमतिया सिंह पति परमेश्वर पुहुप, 2. शिवनाथ सिंह नेताम आ0 रामप्रसाद 3. अतवारसाय नेताम आ0 बीरबल नेतम | 1- 23/03/1988, 2- 04/06/2001, 3- 01/01/1984 |
| | | | 2 | बी-1 | किसमतिया पुत्री धनसाय, बीरबल पिता देवसी, जाति-गोंड़, रामप्रसाद आ0 बिरबल, जाति-गोंड | 2. शिवनाथ सिंह आ0 रामप्रसाद भूमिस्वामी से सम्बंध-बीरबल का पोता | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | 1. किसमतिया सिंह पति परमेश्वर सिंह, 2. शिवनाथ सिंह आ0 रामप्रसाद, 3. अतवार साय आ0 बीरबल राम | 1- 30/11/1988, 2- 04/06/2001, 3- 16/04/1983 |
| | | | 3 | ऋण पुरितका | किसमतिया पुत्री धनसाय, बीरबल पिता देवसी, रामप्रसाद आ0 बीरबल, जाति-गोंड़ | 3. अतवार साय आ. बीरबल राम भूमिस्वामी से सम्बंध-बीरबल का पुत्र | 3 | रोजगार पंजीयन | 1- KISMATIYA SINGH W/O PARMESHWAR SINGH, 2- SHIVNATH SINGH NETAM S/O RAMPRASAD, 3- ATVAR SAI S/O BIRBAL | 1-CT26120211720, 2- CG24251415, 3- CT26120201115 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | रामफल, धनसाय, बीरबल आ0 देवसी, जाति-गोंड़, रामप्रसाद आ0 बीरबल, जाति-गोंड़ | | 4 | जाति प्रमाण पत्र | 1. किसमतिया सिंह पिता धनसाय, 2. शिवनाथ पिता रामप्रसाद, 3. अतवार साय आ0 बीरबल राम | |
| | | | 5 | वरियता सूची | देवसी आ0 होडईत, जाति-गोंड़ | | 5 | निवास प्रमाण पत्र | 1. किसमतिया सिंह पिता धनसाय, 2. शिवनाथ पिता रामप्रसाद, 3. अतवार साय आ0 बीरबल राम | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | किसमतिया पुत्री धनसाय, बीरबल आ0 देवसी, रामप्रसाद आ0 बीरबल | | 6 | वंशवृक्ष | 1. किसमतिया पुत्री धनसाय, 2. शिवनाथ सिंह आ0 रामप्रसाद, 3. अतवारसाय आ0 बीरबल | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | 1. किस मतिया, 3. अतवार साय नेताम | |
| 3 | प्यारीलाल आ0 रामसुन्दर, जाति-तेली, खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 494(पी)-0.25, 497(पी)-0.17, 507-0.47, 510-0.37, 538-0.12, 539-0.03, 567/1-0.26, 575-0.59, 592-0.06, 732-0.32, 742-0.24, 748-0.11, 898-0.13, 1246/1-0.02 कुल 14 प्लाट, कुल रकबा 3.14 हे0 (कुल 7.759 एकड़) | कुशुम कुमारी पुत्री प्यारीलाल, सोनिया बाई बेवा प्यारीलाल, जाति-तेली, खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 494(पी)-0.25, 497(पी)-0.17, 507-0.47, 510-0.37, 538-0.12, 539-0.03, 567/1-0.26, 575-0.59, 592-0.06, 732-0.32, 742-0.24, 748-0.11, 898-0.13, 1246/1-0.02 कुल 14 प्लाट, कुल रकबा 3.14 हे0 (कुल 7.759 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | सोनिया बाई बेवा प्यारी लाल साहू, कुसुम साहू पत्नी धर्म पाल शाहू | 1. संतोष कुमार साहू आ0 धर्म पाल साहू भूमिस्वामी से सम्बंध-प्यारीलाल की पुत्री कुशुम कुमारी का पुत्र | 1 | आधार कार्ड | 1. संतोष कुमार साहू आ0 धर्म पाल साहू, 2. अजय कुमार साहू आ0 धरमपाल साहू | 1- 18/07/1995, 2- 10/11/1998 |
| | | | 2 | बी-1 (2023-24) | कुशुमकुमारी पुत्री प्यारीलाल, सोनिया बाई बेवा प्यारीलाल, जाति- तेली | 2. अजय कुमार साहू आ0 धर्मपाल साहू भूमिस्वामी से सम्बंध-प्यारीलाल की पुत्री कुशुम कुमारी का पुत्र | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | 1- SANTOSH KUMAR SAHU S/O DHARM PAL SAHU, 2- AJAY KUMAR SAHU S/O DHARMPAL SAHU | 1- 18/07/1995, 2- 10/11/1998 |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | कुसुम कुमारी पुत्री प्यारीलाल, सोनिया बाई बेवा प्यारीलाल, तेली | | 3 | रोजगार पंजीयन | 1- SANTOSH KUMAR SAHU S/O DHARM PAL SAHU, 2- AJAY KUMAR SAHU S/O DHARMPAL SAHU | 1- CG24583180, 2- CG24540756 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | कुशुम कुमारी पुत्री प्यारीलाल, सोनिया बाई बेवा प्यारीलाल, जाति- तेली | | 4 | जाति प्रमाण पत्र | 1. संतोष कुमार आ0 धर्मपाल, 2. अजय कुमार आ0 धर्मपाल | |
| | | | 5 | वरियता सूची | प्यारीलाल आ0 रामसुन्दर, जाति- तेली | | 5 | निवास प्रमाण पत्र | 1. संतोष कुमार साहू आ0 धर्मपाल साहू, 2. अजय कुमार आ0 धर्मपाल | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | सोनिया बाई बेवा प्यारीलाल, कुशुम कुमारी पुत्री प्यारीलाल (पति धर्म पाल साहू) | | 6 | वंशवृक्ष | 1. संतोष कुमार साहू माता कुशुम कुमारी, 2. अजय कुमार साहू माता कुशुम कुमारी | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | 1. संतोष, 2. अजय | |
| 4 | टेकराम, उदयपाल, फूलेष्वर आ0 भवंरसाय, जाति-गोंड़, खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 208/3(पी)-0.12, 435-0.21, 973/1-0.07, 981-0.58, 996-0.12, 1170-0.20, 1184-0.25, 1201/2-0.04, 1304/1-0.11, 1306-0.04, 1311-0.10, 1307-0.15 कुल 12 प्लाट, कुल रकबा 1.99 हे0 (कुल 4.917 एकड़) | टेकराम, उदयपाल, फूलेष्वर आ0 भवंरसाय, जाति-गोंड, खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 208/3(पी)-0.12, 435-0.21, 973/1-0.07, 981-0.58, 996-0.12, 1170-0.20, 1184-0.25, 1201/2-0.04, 1304/1-0.11, 1306-0.04, 1307-0.15, 1311-0.10 कुल 12 प्लाट, कुल रकबा 1.99 हे0 (कुल 4.917 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | टेकरम नेताम आ0 भवर साय, उदय पाल आ0 भवर साय, फुलेश्वर आ0 भवर साय। | 1. देव कुमारी पुत्री टेक राम भूमिस्वामी से सम्बंध- टेकराम की पुत्री | 1 | आधार कार्ड | 1. देव कुमारी पुत्री टेकराम नेताम, 2 सुरेन्द्र सिंह आ0 उदयपाल। | 1- 28/06/1997, 2- 16/07/1993 |
| | | | 2 | बी-1 (2023-24) | टेकराम आ0 भंवरसाय, उदयपाल आ0 भंवरसाय, फुलेश्वर आ0 भंवरसाय, जाति-गोंड़ | | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | 1- DEV KUMARI D/O TEK RAM, 2- SURENDRA SINGH S/O UDAY PAL SINGH | 1- 28/06/1997 2- 16/07/1993 |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | टेकराम, उदयपाल, फुलेश्वर आ0 भवर साय। | 2. सुरेन्द्र सिंह आ0 उदयपाल सिंह भूमिस्वामी से सम्बंध-उदयपाल का पुत्र | 3 | रोजगार पंजीयन | 1- DEV KUMARI D/O TEK RAM, 2- SURENDRA SINGH S/O UDAY PAL SINGH | 1-CT26120214507, 2- CG24469162 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | टेकराम, उदयपाल, फूलेश्वर आ0 भवंरसाय, जाति-गोंड | | 4 | जाति प्रमाण पत्र | 1. देव कुमारी पुत्री टेक राम, 2. सुरेन्द्र सिंह आ0 उदय पाल सिंह | |
| | | | 5 | वरियता सूची | टेकराम, उदयपाल, फूलेष्वर आ0 भवंरसाय, जाति-गोंड | | 5 | निवास प्रमाण पत्र | 1. देव कुमारी सिंह पुत्री टेकराम, 2. सुरेन्द्र सिंह आ0 उदयपाल | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | टेकराम, उदयपाल, फूलेश्वर आ0 भवंरसाय, जाति-गोंड | | 6 | वंशवृक्ष | 1. देव कुमारी पुत्री टेकराम, 2. सुरेन्द्र सिंह आ0 उदयपाल | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | 1. देवकुमारी, 2. सुरेन्द्र सिंह | |
| 5 | शिवचरन आ0 अर्जुन, जाति-गोंड खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 1452/4-0.04, 1466/13-0.09, 1466/11-0.03, 1466/14-0.05, 1497/5-0.07, 1503/2-0.10, 1661-0.10 कुल 07 प्लाट, कुल रकबा 0.48 हे0 (1.186 एकड़) | शिवचरन आ0 अर्जुन, जाति-गोंड खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 1452/5-0.04, 1466/14-0.05, 1466/19-0.03, 1466/20-0.09, 1497/5-0.07, 1503/2-0.10, 1661-0.10 कुल 07 प्लाट, कुल रकबा 0.48 हे0 (1.186 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | शिव चरण आ0 अर्जुन सिंह | गंगेश्वरी पुत्री शिवचरन (पति पीपी सिंह) भूमिस्वामी से सम्बंध - शिवचरन की पुत्री | 1 | आधार कार्ड | गंगेस्वरी आ0 शिव चरण | 20-08-1996 |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 (2023-24) | शिवचरन आ0 अर्जून, जाति-गोंड़ | | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | GANGESHWARI D/O SHIVCHARAN | 20-08-1996 |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | शिवचरन आ0 अर्जून | | 3 | रोजगार पंजीयन | GANGESHWARI D/O SHIVCHARAN | CT26120163653 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | शिवचरन आ0 अर्जुन, जाति-गोंड़ | | 4 | जाति प्रमाण पत्र | गंगेश्वरी पुत्री शिवचरन सिंह | |
| | | | 5 | वरियता सूची | शिवचरन आ0 अर्जुन, जाति-गोंड़ | | 5 | निवास प्रमाण पत्र | गंगेश्वरी आ0 शिवचरन सिंह | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | शिवचरन आ0 अर्जुन, जाति-गोंड़ | | 6 | वंशवृक्ष | गंगेश्वरी पुत्री शिवचरन | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | गंगेश्वरी | |
| 6 | अहिबरन आ0 अर्जुन, जाति-गोंड खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 1452/2-0.05, 1466/12-0.05, 1466/10-0.09, 1487-0.22, 1497/4-0.06 कुल 05 प्लाट, कुल रकबा 0.47 हे0 (कुल 1.161 एकड़) | अहिबरन आ0 अर्जुन, जाति-गोंड खसरा क्र0 रकबा हे0 में - 1452/2-0.05, 1466/10-0.09, 1466/12-0.05, 1487-0.22, 1497/4-0.06 कुल 05 प्लाट, कुल रकबा 0.47 हे0 (कुल 1.161 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | चंद्र भान सिंह आ0 अहिबारन, संफुलिया पावले पति ताजराम सिंह पावले, सनि सिंह आ0 तेज राम, अनन्या सिंह पुत्री तेजराम सिंह | चन्द्र भान सिंह आ0 अहिबरन सिंह भूमिस्वामी से सम्बंध-अहिबरन का पुत्र | 1 | आधार कार्ड | चंद्र भान सिंह आ0 अहिबारन | 27-05-1984 |
| | | | 2 | बी-1 (2022-23) | चन्द्रभान सिंह आ0 अहिबरन, मु सम्फुलिया बेवा तेजराम, ना0 बा0 सनिसिंह, ना0 बा0 अनन्या पुत्री तेजराम,जाति-गोंड़ | | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | CHANDRA BHAN SINGH S/O AHIBARAN SINGH | 27-05-1984 |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | चन्द्रभान सिंह आ0 अहिबरन, ना0 बा0 सनी सिंह आ0 तेजराम, ना0 बा0 अनन्या पुत्री तेजराम, सम्फुलिया बेवा तेजराम। | | 3 | रोजगार पंजीयन | CHANDRA BHAN SINGH S/O AHIBARAN SINGH | CG24116324 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | अहिबरन आ0 अर्जुन, जाति-गोंड़ | | 4 | जाति प्रमाण पत्र | चन्द्रभान सिंह आ0 अहिबरन सिंह | |
| | | | 5 | वरियता सूची | अहिबरन आ0 अर्जुन, जाति-गोंड़ | | 5 | निवास प्रमाण पत्र | चन्द्रभान सिंह आ0 अहिबरन सिंह | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | चन्द्रभान सिंह आ0 अहिबरन, अनन्या पुत्री तेजराम, सनिसिंह आ0 तेजराम, सम्फुलिया बेवा तेजराम। | | 6 | वंशवृक्ष | चन्द्रभान सिंह आ0 अहिबरन | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | चन्द्रभान सिंह | |

अतः किसी भी सम्बंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर व्यक्तिगत रुप से उपस्थित हो कर प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी और ना ही स्वीकार किया जायेगा।

SECL/25-26/127

नोडल अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल, बिश्रामपुर क्षेत्र

# एशिया कप 2025 : टी20 में कौन है सबसे आगे? गिल, जायसवाल, संजू और अभिषेक के बीच कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप 2025 में कुल 8 टीमें खेलती हुई नजर आएंगी और इस बार इस टूर्नामेंट को यूएई की धरती पर आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सभी टीमों ने कमर कस ली है और अब ऐसा माना जा रहा है कि अगले हफ्ते एशिया कप के लिए भारतीय टीम के स्क्वाड का ऐलान हो सकता है।

इसमें मौजूदा टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी जगह बनाने के दावेदार हैं। इन दोनों प्लेयर्स ने इंग्लैंड दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ भारतीय टी20 टीम में पहले से ही ओपनिंग की जिम्मेदारी संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के पास है। ऐसे में आइए जानते हैं, इन चारों बल्लेबाजों में किसने टी20I क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।



## अभिषेक शर्मा

अभिषेक शर्मा बहुत ही तेजी के साथ रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। एक बार वह क्रीज पर जम गए, तो उनके बल्ले से बड़ी पारी आना तय है। उन्होंने भारतीय टीम के लिए टी20I क्रिकेट में साल 2024 में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वह भारतीय टीम की अहम कड़ी बने हुए हैं। उन्होंने अभी तक 17 T20I क्रिकेट में कुल 535 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। अभिषेक टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले प्लेयर हैं। उन्होंने साल 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ T20I मैच में 135 रनों की पारी खेली थी।

## संजू सैमसन

संजू सैमसन पिछले कुछ समय से भारतीय टी20 टीम के परमानेंट मेंबर बने हुए हैं और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उन्होंने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया है। संजू ने भारतीय टीम के लिए T20I क्रिकेट में साल 2015 में डेब्यू किया था। लेकिन इसके बाद वह खराब फॉर्म की वजह से टीम से अंदर-बाहर होते रहे। फिर जब से सूर्यकुमार यादव कप्तान बने हैं। उनकी तो लॉटरी ही लग गई और उन्हें ओपनिंग करने के लिए भेजा गया। इसके बाद उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। उन्होंने अभी तक 42 टी20I मुकाबलों में कुल 861 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और दो अर्धशतक शामिल रहे हैं।





## यशस्वी जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में साल 2023 में डेब्यू किया था और इसके बाद से ही उन्होंने 23 मैचों में कुल 723 रन बनाए, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल रहे हैं। वह एशियन गेम्स 2023 में गोल्ड जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं।

## शुभमन गिल


शुभमन गिल ने भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में साल 2023 में डेब्यू किया था और इसके बाद से ही उन्होंने 21 टी20I मैचों में कुल 578 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे हैं। लेकिन उन्होंने अपना आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच साल 2024 में खेला था।



## चारों बल्लेबाजों में संजू ने बनाए सबसे ज्यादा रन

शुभमन गिल (578 रन), यशस्वी जायसवाल (723 रन), संजू सैमसन (861 रन) और अभिषेक शर्मा (535 रन) चारों बल्लेबाजों में टी20I क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन संजू ने बनाए हैं। उनके नाम पर 861 रन दर्ज हैं। जबकि चारों में T20I में सबसे ज्यादा 3 शतक भी संजू ने ही लगाए हैं।

## खबर संक्षेप



### एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन फाइनल में अनाहत

**बेगा (आस्ट्रेलिया)।** भारत की युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने मिस्र की नूर काफागी को कड़े मुकाबले में हराकर एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। एशियाई खेलों की दोहरी कांस्य पदक विजेता 17 वर्ष की अनाहत ने सेमीफाइनल में 3-2 से जीत दर्ज की। पीएसए कूपर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय अनाहत का सामना अब मिस्र की हबीबा रानी से होगा, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके को 3-1 से हराया। अनाहत को मैच के दौरान चोट भी लगी लेकिन वह खेलती रही। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की हेली वार्ड को 3-0 से हराया था।

### 'इंटरनेशनल यूथ गाला' में चुनौती पेश करेंगे भारतीय मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** भारत का 40 खिलाड़ियों सहित 59 सदस्यीय दल चीन के झिंजियांग प्रांत के उरुमकी में 17 से 30 अगस्त तक चलने वाले तीसरे ' बेल्ट एवं रोड ' ' इंटरनेशनल यूथ गाला ' मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर एवं टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेगा। भारतीय दल में 20 लड़कों और 20 लड़कियों के अलावा 12 कोच , छह सहायक कर्मचारियों और एक रेफरी शामिल हैं। यह दल चीन पहुंच चुका है।

## आस्ट्रेलिया ने टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की

# बेबी एबी ने 4 गेंदों पर लगाए लगातार 4 छक्के, 22 बॉल में पूरा किया अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| केर्न्स

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस यानी बेबी एबी का तूफान मैदान पर देखने को मिला। डेवाल्ड ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में अपना अर्धशतक सिर्फ 22 गेंदों पर ही पूरा किया। ब्रेविस ने अपना अर्धशतक लगातार 4 गेंदों पर चार छक्के लगाते हुए पूरा किया। उन्होंने 10वें ओवर में ये कमाल किया और इस ओवर को फेंकने के लिए आरोन हार्डी आए थे। ब्रेविस ने इस ओवर की तीसरी, चौथी, पांचवीं और छठी गेंद पर लगातार 4 छक्के लगाए। हार्डी के इस ओवर में कुल 27 रन भी बने। हालांकि इसके बाद वो ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक पाए, लेकिन उन्होंने 26 गेंदों पर 6 छक्के और एक चौके की मदद से 53 रन की पारी खेली डाली। उनका स्ट्राइक रेट इस पारी के दौरान 203.85 का रहा।

### ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 203 के स्ट्राइक रेट से ठोक 53 रन

#### ब्रेविस ने अपने ही रिकॉर्ड को सुधारा

ब्रेविस ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और अपने ही रिकॉर्ड को सुधारा। ब्रेविस ने इससे पहले यानी कंगारू टीम के खिलाफ इस टी20 सीरीज के दूसरे मैच में 25 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साउथ अफ्रीका के लिए टी20 प्रारुप में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बैटर बने थे। 22 साल के ब्रेविस ने कंगारू टीम के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में नाबाद 125 रन की पारी खेली थी।



#### आस्ट्रेलिया ने जीती सीरीज

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया, जिसकी मदद से कंगारूओं ने दो विकेट से जीत दर्ज की। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 172 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने एक गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 173 रन बनाकर मैच तथा सीरीज अपने नाम कर ली।

#### ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले विदेशी खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| डेवाल्ड ब्रेविस | - 14 छक्के |
| विराट कोहली | - 13 छक्के |
| शिखर धवन | - 9 छक्के |
| आंद्रे रसेल | - 9 छक्के |

#### ब्रेविस चार छक्के लगाने वाले बने पहले खिलाड़ी

तीन मैचों की इस टी20 सीरीज में डेवाल्ड ब्रेविस के बल्ले का कमाल देखने को मिला। ब्रेविस ने तीसरे मैच में अपनी बल्लेबाजी के दौरान पारी के 10वें ओवर में जो अरोन हार्डी ने फेंका था उसमें लगातार चार छक्के लगाने के साथ अपनी फिफ्टी भी पूरी की। इसी के साथ डेवाल्ड ब्रेविस अब टी20 इंटरनेशनल में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी मुकाबले में चार गेंदों में लगातार चार छक्के लगाने में कामयाब हुए हैं। इस सीरीज में ब्रेविस के बल्ले से कुल 14 छक्के देखने को मिले।

#### मैक्सवेल ने की वॉर्नर की बराबरी

साउथ अफ्रीका के खिलाफ केर्न्स में तीसरे टी20 मैच के दौरान ग्लेन मैक्सवेल ने डेविड वॉर्नर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मैक्सवेल टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा आउटफील्ड कैच लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं। ग्लेन मैक्सवेल ने यह कारनामा साउथ अफ्रीकी पारी के 12वें ओवर में किया। नाथन एलिस पारी का 12वां ओवर फेंक रहे थे। चौथी गेंद पर ब्रेविस ने हवाई शॉट खेला और गेंद मैक्सवेल ने लपक ली। यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल का टी20 फॉर्मेट में 62वां आउटफील्ड कैच था। इस मामले में उन्होंने डेविड वॉर्नर की बराबरी कर ली, जिन्होंने 110 टी20 मुकाबलों में इतने ही कैच लपके थे। इस मामले में आरोन फिंच दूसरे पायदान पर मौजूद हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलते हुए 50 आउटफील्ड कैच लिए, जबकि स्टीव स्मिथ 41 कैच के साथ लिस्ट में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं।

## सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज

# गुकेश का सफर समाप्त आरोनियन ने जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन ने खिताब जीता। गुकेश ने आखिरी दिन वापसी की उम्मीद जताई और पहले चार गेम में 3.5 अंक बनाए । पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके । आखिरी पांच गेम में उन्होंने तीन ड्रॉ खेले और दो गंवाए, जिससे कुल 18 अंक लेकर अपने अभियान का समापन किया। आरोनियन ने दो राउंड बाकी रहते ही 24 . 5 अंक लेकर खिताब अपने नाम कर लिया।

■ गुकेश ने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया

### कारुआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर



अमेरिका के फेबियानो कारुआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव तीसरे स्थान पर रहे। अब्दुसत्तोरोव 20.5 अंक के साथ चौथे और वेसली सो पांचवें स्थान पर रहे। गुकेश और वियतनाम के लियेम ली कुआंग उनसे पीछे रहे। आरोनियन को जीत के साथ 40 हजार डॉलर मिले। गुकेश अब सिनक्यूफील्ड कप खेलेंगे, जो दो दिन बाद शुरू होगा, जिसमें आर. प्रज्ञानानंदा भी हिस्सा लेंगे।

## आस्ट्रेलिया क्रिकेट जगत में शोक, पूर्व कप्तान सिम्पसन का निधन



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर, कप्तान और कोच और आस्ट्रेलियाई क्रिकेट की सबसे प्रभावी हस्तियों में से एक बॉब सिम्पसन का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सिम्पसन के निधन की पुष्टि की। सिम्पसन ने आस्ट्रेलिया के लिए 1957 से 1978 के बीच 62 टेस्ट और दो वनडे खेले थे। उन्होंने 4869 टेस्ट रन बनाए, जिसमें दस शतक और 27 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा 71 विकेट भी लिए और 39 टेस्ट में कप्तानी की। उन्होंने 16 वर्ष की उम्र में न्यू साउथ वेल्स के लिए विक्टोरिया के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था।

# भाटिया, अहलावत और अदिति का शानदार प्रदर्शन जारी



### बीएमडब्ल्यू चैंपियनशिप भाटिया संयुक्त 37वें स्थान पर


**ओविंग्स मिल्स (अमेरिका)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने टूर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ा दिया और वह बीएमडब्ल्यू चैंपियनशिप में संयुक्त 46वें से संयुक्त 37वें स्थान पर आ गए हैं। भाटिया का कुल स्कोर चार ओवर (75 और 69) है। टूर चैंपियनशिप के लिए शीर्ष 30 खिलाड़ी ही क्वालीफाई करते हैं। स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकलिंटायर छह अंडर 64 और आठ अंडर 62 के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। उनसे पांच शॉट पीछे स्कॉटी शेफलेर हैं।

### कोपेनहेगन गोल्फ अहलावत ने किया कट में प्रवेश

**कोपेनहेगन।** भारत के वीर अहलावत ने दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए डीपी वर्ल्ड टूर की डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप के कट में प्रवेश कर लिया। अहलावत एक अंडर (73 और 68) स्कोर के साथ संयुक्त 45वें स्थान पर हैं। वहीं शुभंकर शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और वह कट में जगह नहीं बना सके। रास्मस होगार्ड ने दूसरे दौर में सात अंडर 64 और कुल 12 अंडर स्कोर करके एकल बढ़त बना ली है। वह डेनमार्क के मार्को पेंगे से दो शॉट आगे हैं।

### अदिति ने पोर्टलैंड में कट में किया प्रवेश

**पोर्टलैंड।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक में दूसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश कर लिया। अदिति ने पांच बर्डी लगाये और तीन बोगी किए। वह अब संयुक्त 27वें स्थान पर है। भारतीय मूल की अमेरिकी गुरलीन कौर संयुक्त दूसरे स्थान पर है जबकि भारतीय मूल की कनाडा की गोल्फर सावन्नाह ग्रेवाल संयुक्त 11वें स्थान पर है।






# बिक्री के समझौते के आधार पर किरायेदारी से बेदखल होने से बचा नहीं जा सकता- हाईकोर्ट

## मकान मालिक की याचिका मंजूर

**बिलासपुर।** बिक्री के समझौते के आधार पर किरायेदारी से बेदखल होने से बचा नहीं जा सकता है। इस आशय का आदेश देते हुए हाईकोर्ट ने मकान मालिक की याचिका मंजूर करते हुए दोनों पक्षों को एक सितंबर 2025 को रेंट कंट्रोल ट्रिब्यूनल के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ता मो. मक़सूद ने छत्तीसगढ़ रेंट कंट्रोल ट्रिब्यूनल रायपुर के आदेश के विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका के मुताबिक याचिकाकर्ता ने अपनी एक दुकान प्रतिवादी मो अय्यूब रजा को 30 हजार रुपए मासिक किश्तों पर किराए पर दी थी। किराया जमा नहीं किया और जो बाद में बढ़कर पांच लाख 4 हजार रुपए तक पहुंच गया। किराया नहीं देने पर याचिकाकर्ता ने 30 जुलाई 2015 को प्रतिवादी को नोटिस भेजा। इसका जवाब नहीं दिया गया। मामले में किरायेदार ने रेंट कंट्रोलर के बाद ट्रिब्यूनल में प्रतिवाद दाखिल किया था। इस पर सुनवाई करते हुए ट्रिब्यूनल ने किरायेदार प्रतिवादी के पक्ष में आदेश जारी किया। इसके खिलाफ ही याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली।

## रेंट कंट्रोल ट्रिब्यूनल के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश



हाईकोर्ट में जस्टिस रजनी दुबे व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डीबी ने सुनवाई के बाद कहा कि बिक्री के समझौते के आधार पर किरायेदारी समाप्त करने के लिए याचिकाकर्ता का उल्लेख कानून और तथ्य का एक गलत प्रश्न है। यह सीपीसी की धारा 11 के आदेश 7 के तहत आवेदन में तय नहीं किया जा सकता है और केवल साक्ष्य प्रस्तुत करके ही तय किया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि हम इस विचार से सहमत हैं कि नियंत्रक ने सीपीसी के आदेश नियम 11 के तहत आवेदन को अनुमति देने में गलती की है। कोर्ट ने कहा कि मालिक के साथ बिक्री के लिए समझौता करने से मकान मालिक को बेदखली के लिए आवेदन करने से नहीं रोका जा सकता है। इसके साथ ही डीबी ने याचिका स्वीकार कर दोनों पक्षों को आगामी एक सितंबर को रेंट कंट्रोल ट्रिब्यूनल के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

# लव-मैरिज के बाद पत्नी को ले गए परिजन पति ने दायर की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका

**बिलासपुर।** लव मैरिज करने के बाद युवती को उसके परिजन जबरन साथ लेकर चले गए, जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चल रहा है। परेशान पति ने पुलिस से शिकायत भी की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पति द्वारा याचिका दाखिल करने के बाद हाईकोर्ट ने मुंगेली एसपी को आदेश दिया है कि 28 अगस्त तक युवती को ढूंढकर कोर्ट में पेश किया जाए। साथ ही युवती के पिता को भी उपस्थित होने का आदेश दिया है।

दरअसल, बिलासपुर में रहने वाले सूरज बंजारे और मुंगेली निवासी युवती ने 15 मई 2025 को रायपुर के आर्य समाज मंदिर में प्रेम विवाह किया था, जिसके बाद युवक-युवती बतौर पति-पत्नी साथ रह रहे थे। युवक का आरोप है कि 28 मई को युवती के परिजन उससे मिलने आए। जिसके बाद उसे जबरन अपने साथ लेकर चले गए। पत्नी जब घर नहीं लौटी तो पुलिस में शिकायत की गई लेकिन सहयोग नहीं मिला। इसके बाद सूरज ने हाईकोर्ट में बंदी-प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की।

## हाईकोर्ट ने मुंगेली एसपी को आदेश दिया 28 अगस्त तक तलाश कर पेश करें

### युवती की जिंदगी को भी खतरा

याचिका में कहा गया कि युवती के परिजन उसकी जानकारी नहीं दे रहे हैं और न ही उससे मिलाने को तैयार है। युवक का कहना है कि उसकी पत्नी के साथ अनहोनी की आशंका है। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि युवती की जिंदगी को भी खतरा हो सकता है इसलिए उसे तत्काल बरामद कर कोर्ट में पेश कराया जाए। ताकि, यह पता चल सके कि वो सुरक्षित है या नहीं। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर माना है। कोर्ट ने मुंगेली एसपी को युवती की तलाश करने और उसे 28 अगस्त तक कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है।

## ड्रग पीने का वायरल वीडियो, पांच को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

रायपुर । ड्रग तस्करी के साथ सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। 19 ड्रग पैडलरों के अलावा कोतवाली क्षेत्र में तीन ड्रग तस्कर तथा सेवन करने वालों के पकड़े जाने के बाद पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने बुधवार को पांच और लड़कों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है, पुलिस ने जिन लड़कों को हिरासत में लिया है, उनका कुछ दिन पूर्व एक फार्म हाउस तथा कार में ड्रग पीने का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने पांच लड़कों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार जिन लड़कों को हिरासत में लिया गया है, उनके द्वारा ड्रग बिक्री की जाती थी या नहीं, इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## 3 सूत्रीय मांग को लेकर मितानिन धरने पर, रायपुर जिले के मितानिनों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर रायपुर जिले की मितानिनों ने प्रदर्शन किया। धरनास्थल पर मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर बड़ी संख्या में शामिल हुए। उनकी प्रमुख मांगों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविलयन, मानदेय क्षतिपूर्ति में 50 फीसदी बढ़ोतरी और ठेका प्रथा बंद करने की मांग शामिल है। मितानिन 7 अगस्त से 11 अगस्त तक कामबंद कलमबंद हड़ताल कर संभागवार धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराने के बाद 12 अगस्त से तूता के धरना स्थल पर जिला स्तरीय प्रदर्शन कर रही हैं। इसमें हर दिन प्रदेश के अलग-अलग जिलों से मितानिन आंदोलन में शामिल हो रही हैं।




























हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com